तापमान

अधिकतम 36.9 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 2 मई 2026


तारबाहर स्थित तालाब में जलकुम्भी छाई हुई है। इसके कारण सौंदर्यीकरण बेकार हो गया है।



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज शहर में

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 2 मई को शहर आएंगे। वे यहां स्व. बीआर यादव एस्ट्रोटर्फ मैदान बहतराई में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार श्री साय दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास से रवाना होंगे। वे हेलीकाप्टर द्वारा दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर एसईसीएल हेलीपेड पहुंचेंगे। यहां से वे 4 बजे स्व. बीआर यादव एस्ट्रोटर्फ मैदान बहतराई जाएंगे। श्री साय यहां आयोजित आल इंडिया वुमन हाकी टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। यहां से वे शाम 4 बजकर 45 मिनट पर एसईसीएल हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां से 4 बजकर 55 मिनट पर वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### पारा 6 डिग्री नीचे पहुंचा लेकिन उमस बरकरार

**बिलासपुर।** मौसम में अचानक हुए परिवर्तन के कारण गर्मी का मिजाज थोड़ा बिगड़ गया है, अधिकतम तापमान मे 6 डिग्री की कमी आई है और पारा 36 डिग्री दर्ज किया गया है। बादलों की आवाजाही से धूप में कमी आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। खास बात यह है कि शुक्रवार को सुबह से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही रही, इस दौरान धूप छांव के खेल के बीच अधिकतम तापमान में सामान्य तापमान से 6 डिग्री कम रहा, जबकि मई में सामान्य तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच रहता है।

### निःशुल्क टैली और कंप्यूटर बेसिक प्रशिक्षण शिविर 4 से

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा द्वारा 4 मई से युवक- युवाओं के लिए निःशुल्क टैली और कम्प्यूटर बेसिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने महासभा के जिला अध्यक्ष ने बताया की प्रशिक्षण का समय दोपहर 3 बजे से है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का है। आयु सीमा बंधित नहीं है छात्रों के लिए, प्रशिक्षण शिविर कंप्यूटर शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र, दुकान नं 10 अमर कॉम्प्लेक्स, गांधी चौक के पास जूना बिलासपुर स्थित कंप्यूटर सेंटर में रखा गया है। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीयन आवश्यक है। उक्त प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क रखा गया है सभी समाज के छात्र-छात्रों के लिए इस बार क्लासेस प्रवेश ले सकेंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि 3 मई है।

### सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 6 तक

**बिलासपुर।** मॉ शारदा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी सोसायटी मर्यादित इन्दिरानगर, विकासखण्ड बिल्हा के मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में दावा आपत्ति 6 मई तक सोसाइटी कार्यालय में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी खुशी अग्रवाल के समक्ष लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 7 मई को सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती आवेदन के लिए 18 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत मस्तूरी ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र ओखर 1, हरदी 1, मानिकचौरी 1 एवं कोकड़ी 1 में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 4 मई से 18 मई तक वेबसाइट aww.e-bharti.in में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# शराबी आरक्षक ने थाने में मचाया हंगामा, रिपोर्ट लिखाने गए अपने ही बड़े भाई पर तानी बंदूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्राइम

खॉकी वर्दी की गर्मी एक आरक्षक पर इस तरह चढ़ी कि मामूली विवाद के बाद शिकायत करने सिविल लाइन थाना पहुंचे अपने ही बड़े भाई पर उसने एसएलआर गन तान दी। बीच बचाव कर रहे पुलिस वालों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन शराब के नशे में आरक्षक थाने में ही हंगामा मचाता रहा। आधी रात के बाद पुलिस ने उसका मुलाहिजा कराया है। फिलहाल प्रार्थी से शिकायत लेकर पुलिस जांच की बात कह रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात आरक्षक विष्णु चंद्रा ने ड्यूटी के दौरान जमकर शराबखोरी की, उसके बाद अपना आपा खोते हुए अपने दोस्त के साथ मिलकर मोबाइल फोन पर अपने सगे बड़े भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की। आरक्षक के इस व्यवहार से क्षुब्द होकर बड़ा भाई भुवन चंद्रा सिविल लाइन थाना में शिकायत करने पहुंचा। इसकी जानकारी आरक्षक विष्णु चंद्रा को मिली। आधी रात को पुलिस क्वार्टर गश्त पॉइंट की ड्यूटी को छोड़कर वह थाना आ धमका और अपने भाई को धमकाते हुए शिकायत ना लिखने की बात कही, इस दौरान उसकी हरकत को देखते हुए बड़े भाई ने पुलिस से शिकायत लेने का निवेदन किया, जिसके बाद शराब के नशे में धुत आरक्षक भड़क गया और थाने में जमकर उत्पात मचाने लगा। उसने गश्त ड्यूटी में मिली एसएलआर गन को लोड कर फायर का प्रयास करते हुए अपने ही बड़े भाई पर तान दिया। थाना के स्टाफ ने दौड़कर उससे गन छीना और लोडेड गोली को अनलोड कर दिया। पुलिस कर्मियों ने शराबी आरक्षक को हिरासत में लेकर मुलाहिजा कराया है। पुलिस ने गन जब्त कर लिया है। सिविल लाइन थाने के स्टाफ की मुस्तैदी से एक बड़ी घटना टल गई। शराबी आरक्षक के देर रात तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामा की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है।

### दो दिन पहले हुआ था बहाल

आरक्षक विष्णु चंद्रा को नशे की लत है। निंलबन के दौरान सिविल लाइन के क्वार्टर्स में हंगामा मचाया था, इस दौरान पुलिस कर्मचारियों की मौखिक शिकायत पर उसका मुलाहिजा कराया गया था। 27 अप्रैल को उसकी बहाली की गई थी, लेकिन इसके दो दिन बाद ही 30 अप्रैल को उसने सिविल लाइन थाने में अपने भाई पर गन तान दी।

### मामले की जांच जारी है

आरक्षक का भाई गाली गलौज की शिकायत लेकर थाने पहुंचा था, जिसके बाद उन दोनों की बहस हुई थी। प्रार्थी पर गन तानने जैसी बात सामने नहीं आई है। जांच जारी है।

**- एसआर साहू,** टीआई, सिविल लाइन थाना



- सिविल लाइन थाने के अंदर लेकर पहुंचा लोडेड एसएलआर गन।
- ड्यूटी छोड़कर थाने में आधी रात करता रहा हंगामा।

## रेत माफिया ने डंप कर रखी है रेत

# लोखड़ी में सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध रेत का भंडारण, कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश का मौसम आने में अब डेढ़ महीने का समय शेष है, ऐसे में रेत माफिया अब सक्रिय हो चुके है। अपने-अपने चिन्हांकित जगहों पर रेत डंप कर आगे मनमानी कीमतों पर बिक्री के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। लोखड़ी में रेत माफियाओं के द्वारा प्लॉट में दो सौ ट्रैक्टर से भी अधिक मात्रा में रेत डंप कर रखी गई है, लेकिन किसी भी तरह की कार्रवाई शून्य है।

रेत माफियाओं की सक्रियता गर्मी में अब दिखने लगी है। फरवरी से मई के बीच के समय में नदियों में जलभराव कम होने की स्थिति में अधिकाधिक रेत निकालकर बारिश के समय बिक्री के लिए रेत डंप करने का खेल शुरू हो चुका है। शहर से लगे लोखड़ी पंचायत में रेत माफियाओं द्वारा खाली प्लॉट में सैकड़ों ट्रैक्टर रेत डंप कर रखी गयी है, ताकि बारिश प्रारंभ होते ही रेत को दो से तीन गुना रेट में बेचा जा सके। खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर रेत का अवैध भंडारण करके रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, लेकिन लोखड़ी तक शायद खनिज विभाग का अमला नहीं पहुंच सका है। यही कारण है कि उस क्षेत्र में रेत माफिया खासे सक्रिय हैं।





खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में रेत भंडारण के लिए केवल एक व्यक्ति को लाईसेंस जारी किया गया है, जो कि जोंधरा में संचालित है। इसके अलावा पूरे जिले में जहां-जहां भी रेत संग्रहित किए गए हैं वे सारे भंडारण अवैध हैं। बीते वर्ष खनिज विभाग द्वारा न केवल अवैध भंडारण कर रखी गई रेत जब्ती की कार्रवाई की गई थी, बल्कि जिन जमीनों पर रेत डंप कर रखी गई थी, उसके मालिक को भी चेतावनी पत्र जारी किया गया था ताकि इस तरह के नियमविरूद्ध कार्यों के लिए किसी को अपनी भूमि उपलब्ध न कराई जा सके।

### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

विभाग अपने स्तर पर लगातार सघन जांच अभियान चला ही रहा है, लेकिन सूचना के आधार पर भी तत्काल कार्रवाई की जाती है। लोखड़ी में अगर अवैध भंडारण हैं तो जांच कर कार्रवाई जरूर की जाएगी।

**- किशोर कुमार गोलघाटे**
उपसंचालक खनिज विभाग

# 14 अस्पतालों के वैक्सीन स्टोर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सही दवा शुद्ध आहार अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि निरीक्षकों की टीमों ने 14 निजी अस्पताल एवं क्लीनिक में वैक्सीन स्टोर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण टीम ने रिंग रोड,अमेरी, वेयरहाउस रोड, मंगला, लिंगियाडीह,व्यापार विहार,अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड,मध्यनगरी चौक, मंदिर चौक, मौपका क्षेत्र में स्थित अस्पताल एवं क्लीनिक का निरीक्षण किया गया । इस दौरान वैक्सीन को उचित तापमान में रखने हेतु रेफ्रिजरेटर/आई एल आर/ डिप फ्रिज की जांच की गई । रेफ्रिजरेटर में तापमान अधिक होने पर सूचना प्रदान करने हेतु अलार्म लगाने की हिदायत टीम ने दी। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को स्टॉकिस्ट से वैक्सीन के परिवहन को उचित तापमान में करने, आइस पैक, करियर बॉक्स द्वारा कोल्ड चैन को सुनिश्चित करने की हिदायत दी। वहीं कर्मचारियों को नियमित अंतराल में प्रशिक्षण के लिए चेताया। सहायक औषधि नियंत्रक श्री भीष्म देव सिंह ने कहा कि वैक्सीन के भंडारण एवं वैक्सीन स्टोर संचालन हेतु मानक प्रक्रिया तैयार कर उसका पालन कराया जा रहा है।



इस दौरान टीम मोपका के शिव मेडिसिटी, शिवा हास्पिटल, लिंगियाडीह के अपोलो फार्मेसी, और अस्पता, व्यापार विहार एलाइट अस्पताल, अग्रेसन चौक स्टॅार चिल्ड्रन अस्पताल व फार्मेसी, पुराना बस स्टैंड सिहारे चिल्ड्रन अस्पताल और फार्मेसी, शिशु भवन, शिव शक्ति अस्पताल, महादेव अस्पताल, गुडविल अस्पताल, उदय चिल्ड्रन अस्पताल,चंद्राकर चिल्ड्रन क्लीनिक जैसे अस्पतालों में दवा व वैक्सीन की जांच की गई है।


अस्पताल में मृत आरक्षक के परिजन और पुलिस अधिकारी।

# इलाज के दौरान आरक्षक की मौत, अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक की इलाज के दौरान शुक्रवार की दोपहर मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और अस्पताल में हंगामा मचने लगा। शाम को अस्पताल में पुलिस बुलाने की नौबत आ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।


मृतक

- नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर अस्पताल का मामला
- सरकंडा थाने में पदस्थ था आरक्षक, आज होगा पोस्टमार्टम

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर अस्पताल का है। शुक्रवार को ग्राम एरमसाही निवासी व सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक सत्या पाटले की मौत हो गई। परिजन के अनुसार सत्या पाटले को किडनी में पथरी की शिकायत थी, पिछले 10 दिनों से श्रीराम केयर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, गुरूवार को आरक्षक के पेट से 10 एमएम की पथरी निकालकर आपरेशन किया गया। इस दौरान 24 घंटे के भीतर सत्या को संक्रमण के कारण फिर से भर्ती कराना पड़ गया।

परिजनों का आरोप है कि सत्या की मौत डाक्टरों की लापरवाही के चलते हुई है, जबकि परिजन लगातार उसे अन्य अस्पतालों में रिफर करने की मांग कर रहे थे। आरक्षक की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा अस्पताल पर फूटा और हंगामा होने लगा। अस्पताल प्रबंधन ने इस बीच सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने स्थिति को संभाला और शव को पीएम के लिए भेजा। इस मामले में अबतक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

### 1 दिन में 3 एमएम बढ़ गई पथरी

एरमसाही के सरपंच और मृतक आरक्षक के चाचा मेघनाथ खांडेकर ने कहा कि 10 दिन पहले जब शुरूआती जांच के लिए आरक्षक सत्या अस्पताल में आया उस दौरान डाक्टरों ने 7 एमएम का स्टोन होने की बात कही, लेकिन फीस की व्यवस्था कर जब इलाज के लिए पहुंचे तो डाक्टरों ने 10 एमएम का स्टोन होने की बात कही। ऐसे में आरक्षक ने आनन-फानन में आपरेशन कराने को राजी हो गया। इस बीच, अस्पताल में यह भी चर्चा रही कि आरक्षक को एक दिन पहले हार्ट अटैक आया था, इसके बाद भी उसका डायलिसिस कर दिया गया। पुलिस की जांच में ही सही तथ्य सामने आ सकेंगे।

### पीएम के बाद सच पता चलेगा

परिजनों का आरोप है कि आरक्षक की मौत अस्पताल की लापरवाही से हुई है। हमने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही है। पीएम के बाद सच सामने आएगा।

**- संदीप कुमार पटेल**
एडिशनल एसपी

## जेडी को बिलासपुर में रोककर वापस किया जाएगा, 20 दिनों तक प्रभावित रहेंगी लोगों की यात्राएं

# रिलिविंग गर्डर लांचिंग से बिलासपुर-रायपुर की ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मूध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया से भाटापारा सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण का कार्य किया जाएगा। रिलिविंग गर्डर लांचिंग के कारण बिलासपुर से रायपुर के बीच ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा, जिसमें गोंदिया से झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली ट्रेन जेडी को बिलासपुर में रोककर वापस किया जाएगा।

जोन मुख्यालय के अनुसार अधोसंरचना विकास के तहत एसईसीआर बिलासपुर जोन के रायपुर मडल के निपनिया से भाटापारा सेक्शन के बीच पर लेवल क्रसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उक्त रोड अंडरब्रिज निर्माण के तहत रिलिविंग गर्डरों के लांचिंग हेतु ट्रैफिक सह



पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। यह कार्य 3 मई यानि रविवार से शुरु करने के बाद 6 मई तक चलेगा। इस कार्य में उन ट्रेनों को रद्द किया गया है, जिसमें छोटे-छोटे स्टेशनों तक मजदूर, छोटे व्यापारी वर्ग, दूध वाले, सब्जी वाले सहित हजारों की संख्या में लोग सफर करते हैं। सुपरफास्ट और एक्सप्रेस से अधिक यात्रियों की भीड़ मेमू पैसेंजर में रहती है। ट्रेनों के रद्द करने के कारण छोटे स्टेशन के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे के अनुसार रद्द ट्रेनों में बिलासपुर से रायपुर के बीच चलने वाली ट्रेनों में 3 से 6 मई तक 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेंवरारोंड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 3 मई को 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 4 मई को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर और 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर के पहियों को रोकने का आदेश जारी किया गया है। इन रद्द ट्रेनों के अलावा 3 एवं 6 मई को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त की जाएगी और बिलासपुर से गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। वहीं गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से रवाना करने के बाद गोंदिया से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

### समाप्त और नियंत्रित ट्रेनें

- 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 2, 5, 26, 22 मई तक दुर्ग में नियंत्रित व प्रारंभ करने के साथ दुर्ग से गोंदिया के बीच रद्द।
- 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस 3 से 23 मई तक दुर्ग में नियंत्रित व प्रारंभ कर गोंदिया से दुर्ग के बीच रद्द।
- 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस 2 से 22 मई तक अंजनी-गोंदिया के बीच रद्द।
- 12106 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल 3 से 23 मई तक गोंदिया-अंजनी के बीच रद्द।
- 51707 जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर 3 से 22 मई तक ब्रम्हपुरी-गोंदिया के बीच रद्द।
- 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर 3 से 22 मई तक गोंदिया-ब्रम्हपुरी के बीच रद्द।
- 68813 गोंदिया-तिरोड़ी पैसेंजर 3 से 22 मई तक गोंदिया-ब्रम्हपुरी के बीच रद्द।
- 68814 तिरोड़ी-गोंदिया पैसेंजर 3 से 22 मई तक ब्रम्हपुरी-गोंदिया के बीच रद्द।
- 68809 गोंदिया-तिरोड़ी पैसेंजर 3 से 22 मई तक गोंदिया-ब्रम्हपुरी के बीच रद्द।
- 68810 तिरोड़-गोंदिया पैसेंजर 3 से 22 मई तक ब्रम्हपुरी-गोंदिया के बीच रद्द।

### 10 ट्रेनों के पहिए रोके जाएंगे

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन पर बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर पहल प्लेटफार्म क्रमांक 4 की वॉशेबल एप्रन हटाकर बैलेस्टेड ट्रैक का काम किया जाएगा, जिससे ट्रेनों की गति बढ़ेगी। इसके लिए 20 दिवसीय मेगा ट्रैक कार्य प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर वॉशेबल एप्रन हटाकर होगा, जिसकी वजह से 3 से 22 मई से 20 दिन तक 10 ट्रेनों के पहिए रोकने का आदेश दिया गया है। कार्य के दौरान प्लेटफार्म नम्बर चार डाउन मेन लाइन अस्थायी रूप से बंद रहेगा।

इसमें कुछ ट्रेनों को निरस्त करने के साथ कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन प्रारंभ किया जाएगा। रद्द की जाने वाली ट्रेनों में 3 से 22 मई तक 18109 टाटानगर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस, 5 से 24 मई तक 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस, 3 से 22 मई तक 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया पैसेंजर, 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ पैसेंजर, 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया पैसेंजर, 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट पैसेंजर, 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर और 4 से 23 मई तक 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर के पहिए थमे रहेंगे।

फेस वन का कार्य लगभग पूरा, यात्रियों को नए प्लेटफार्म के साथ एफओबी, लिफ्ट के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकेंगी

# अमृत भारत स्टेशन : उसलापुर की सेकेंड एंट्री में बनेगा नया प्लेटफार्म

**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस कार्य के तहत फेस वन का कार्य करीब-करीब कम्पलीट होने के कगार पर है। इसमें फेस टू का कार्य सेकेंड एंट्री में किया जाएगा, जहां यात्रियों को नए प्लेटफार्म के साथ एफओबी, लिफ्ट के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकेगी।




आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के बाद स्टेशन डेवलपमेंट का कार्य दो साल पहले शुरु किया गया था। इस कार्य के दौरान मुख्य गेट की ओर फेस वन की शुरआत की गई। इसमें ओवरब्रिज से लेकर स्टेशन के गेट तक सड़क निर्माण कार्य, डिवाइडर, स्टेशन के सामने की पुरानी बिल्डिंग की दीवारों को ढंककर नई प्लाई लगाने का कार्य, पुराने छोटे गेट को तोड़कर चौड़ीकरण कार्य, नई पार्किंग व्यवस्था व आकर्षक लाइटिंग लगाने का कार्य किया गया। यह कार्य करने में ठेकेदारों को कई दिनों का समय लग गया, जिसके कारण यात्री भी काफी परेशान हुए। वर्तमान में शाम सूरज ढलने के बाद अंधेरा होते ही उसलापुर स्टेशन के सामने का नजारा यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित भी कर रहा है। मुख्य गेट से अंदर प्रवेश करने के साथ ही प्लेटफार्म नम्बर एक शुरु हो जाता है, जहां कटनी की ओर से बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज होता है। वहीं प्लेटफार्म नम्बर दो पर बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से आकर कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का स्टापेज दिया जा रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म नम्बर दो पर अधिक होती है, जो प्रयागराज, दिल्ली, उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सफर करते हैं। प्लेटफार्म नम्बर दो पर यात्रियों के लिए सुविधाएं तो कम है, वहीं सबसे अधिक परेशानी प्लेटफार्म की लंबाई को लेकर हो रही है। प्लेटफार्म दो की लंबाई कम होने के कारण इंजन और एसएलआर कोच का हिस्सा बाहर निकल जा रहा है, जिसकी वजह से व्यापारियों और अन्य लोगों के सामानों की लोडिंग करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म की लंबाई के साथ अन्य कार्यों को सेकेंड फेस में करने का निर्णय लिया है।

### रहते हैं अधिक लोग

बिलासपुर के मंगला चौक व शहर के साथ यात्रियों का एक बड़ा वर्ग सेकेंड एंट्री की ओर भी निवासरत है। ओवरब्रिज पार करने के बाद उसलापुर, सकरी, तखतपुर, मुंगेली तक नई कालोनी में रहने वालों के साथ हजारों की संख्या में लोग उसलापुर स्टेशन पहुंचते हैं, जिन्हें ओवरब्रिज पार करना मजबूरी हो जाती है। इन लोगों की समस्या को दूर करने के लिए वर्तमान में ओवरब्रिज के नीचे बायीं ओर सड़क का मरम्मत कार्य कुछ दूरी तक करने के साथ नई पार्किंग की व्यवस्था और एक नया बुकिंग काउंटर बनाया गया है, लेकिन कुछ दूरी के बाद सड़क की हालत अभी भी जर्जर है और बुकिंग काउंटर की शुरुआत भी अब तक नहीं हो सकी है।

### शेड की लंबाई चौड़ाई कम

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या तो बढ़ गई है, लेकिन अब तक शेड प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर विस्तारित नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से वर्तमान में यात्री दोपहर की भीषण गर्मी के साथ तेज धूप में हलाकान हो रहे हैं, आगामी दिनों में यात्रियों को बारिश में भीगकर ट्रेन का इंतजार करना मजबूरी हो जाएगी। रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। इस गाइड लाइन के मुताबिक नियमानुसार 400 वर्गफुट तक दोनों प्लेटफार्म पर शेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में शेड 1154 वर्गफुट लगाए गए हैं। यह भी ट्रेन के कोच और यात्रियों की संख्या के हिसाब से कम है।

### सेकेंड फेस के कार्य

रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फेस वन और फेस टू दोनों ही कार्यों के लिए बजट संेक्शन हो चुके हैं। फेस टू में सेकेंड एंट्री की ओर सड़क का निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट, बुकिंग काउंटर, एक नया 12 मीटर एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व अन्य सुविधाएं दी जाएगी। इसके साथ ही शेड और प्लेटफार्म का विस्तार भी किया जाएगा। इस कार्य की शुरुआत जल्द होने और पूरा होने के बाद यात्रियों को कुछ राहत भी मिल सकेगी।

### किए जाएंगे कार्य

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के पुनर्विकसित करने का काम किया जा रहा है, जो अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा है। इसमें फेस वन और फेस टू के लिए बजट संेक्शन है। आगामी दिनों में सेकेंड एंट्री की ओर भी कार्य किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

श्रमिक दिवस पर विभिन्न संगठनों ने श्रमिकों का बढ़ाया उत्साह

## एसईसीएल में मना खनिक दिवस, श्रमिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी संचालन एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, आरएस सिंह, नाथूलाल पाण्डेय, अजय विश्वकर्मा, गोपालनारायण सिंह, वी. एम. मनोहर, एके खुल्लर के विशिष्ट आतिथ्य, श्रद्धा महिला मण्डल उपाध्यक्षा अनीथा फ्रेंकलिन, इप्सिता दास, विनीता जैन, शुभश्री महापात्र के आतिथ्य में आडिटोरियम में खनिक दिवस मनाया गया।

मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संकल्प का पठन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री दुहन द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन संजीव एम सिंह महाप्रबंधक (उत्पादन) ने प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में केन्द्रीय कोयला मंत्री के सन्देश का पठन डा. सनीश चन्द्र जनसंपर्क अधिकारी ने किया । इस अवसर पर खनिको को समर्पित विशेष टेबलाय का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहाकि हमारे श्रमिक हैं राष्ट्र के ऊर्जा प्रहरी । उन्होंने कहा आज का दिन केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है वरन उस हाथ को प्रणाम करने का दिन है जो धरती के भीतर से ऊर्जा निकालकर देश को रौशन करता है । एसईसीएल की असली पहचान मशीन, माइंस, उत्पादन या आंकड़े नहीं है, एसईसीएल की असली पहचान हमारा कामगार, हमारा माइनर, हमारा सुपरवाइजर, हमारा कांट्रेक्ट वर्कर, हमारी महिला शक्ति, और हर वह परिवार है जो इस कठिन सेवा के पीछे खडा है । उन्होंने कहा जब पूरा देश सो रहा होता है तब हमारे खदानों में शिफ्ट बदलती है, जब शहरों में रोशनी जलती है तब कहीं कोई कामगार पसीना बहा रहा होता है, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एसईसीएल की हर उपलब्धि के पीछे किसी कामगार की मेहनत, किसी परिवार का त्याग और किसी टीम का अनुशासन है । श्रमवीर पुरस्कृत हुए। मुख्य अतिथि श्री दुहन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, पूर्व निदेशक (एच आर) आर. एस. सिंह, एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय, अजय विश्वकर्मा, गोपालनारायण सिंह, वी. एम. मनोहर, एके खुल्लर के करकमलों से सभी क्षेत्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

### मजदूरों की मेहनत और समर्पण से ही देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शहर में श्रमिकों के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिटी कोतवाली चौक स्थित पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में छत्तीसगढ़ एकता हमाल मजदूर संगठन द्वारा विशेष कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल और महापौर पूजा विधानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों ने श्रमिकों का सम्मान करते हुए कहा कि मजदूरों की मेहनत और समर्पण से ही देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका सबसे अहम है। इस दौरान श्रमिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। संगठन की ओर से मजदूरों से जुड़ी समस्याएं और मांगें विधायक के सामने रखी गईं। विधायक श्री अग्रवाल ने मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाकर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें देश की उन्नति में अपना योगदान जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। श्री अग्रवाल ने मजदूरों के हित में हर संभव प्रयास करने की बात कही।



## एयरपोर्ट विस्तार के लिए समिति ने किया तेलसरा में श्रमदान

**बिलासपुर।** गर्मी की परवाह किए बगैर बड़ी तादात में लोग एयरपोर्ट के विकास और विस्तार के लिए श्रमदान किया। एयरपोर्ट के दक्षिणी हिस्से में स्थित तेलसरा में लोगों ने श्रमदान किया। दरअसल लोगों की मांग है कि एयरपोर्ट रनवे को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार जल्द से जल्द फैसला लें।

इस दौरान समिति ने चकरभाठा स्थित एयरपोर्ट चौक पर सभा की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार पर रायपुर की लॉबी हावी है जिसके चलते बिलासपुर का विकास अवरुद्ध हो रहा है। गौरतलब है कि रायपुर और बिलासपुर के बीच ऐतिहासिक रूप से प्रतिद्वंद्विता रही है और रेलवे जोन, हाईकोर्ट, व राजधानी बनाए जाने के दौरान यह सामने आ चुकी है। राज्य निर्माण के बाद लॉ यूनिवर्सिटी, आईआईटी, ट्रिपल आईटी, एम्स जैसी संस्थान के रायपुर में स्थापित होने की चर्चा पुनः उठी थी परंतु अब एयरपोर्ट के इस विवाद में फिर से रायपुर -बिलासपुर के बीच आपसी प्रतिबद्धता जन्म ले रही है। समिति ने कहा कि 1 मई मजदूर दिवस के दिन चकरभाटा एयरपोर्ट के नजदीक प्रतीकात्मक श्रमदान किया गया है, जिसमें हमारी मांग है कि रनवे को 1490 मीटर से बढ़कर 2200 मीटर की जाए। जमीन मिलने के बाद फंड का टोटा बना हुआ है। राज्य सरकार पिछले 2 सालों से आश्वासन दे रही है, समिति ने कहा कि प्रथम चरण में 2200 मीटर तक रनवे विस्तार किया जाए, जिसे बाद में बढ़ाकर 2885 मीटर किया जाना चाहिए।



श्रमदान के लिए सभा आयोजित होने के बाद गाड़ियों का काफिला धमनी गांव से तलसारा गांव पहुंचा, जिस जगह पर रनवे का विस्तार किया जाना है, उसे चूने से चिन्हांकित किया और फावड़ा चलकर प्रतीकात्मक श्रमदान किया गया। इस दौरान नागरिक संगठनों ने भागीदारी दिखाई, और सियाराम कौशिक, विजय वर्मा, राजेंद्र शुक्ला, गीतांजलि कौशिक, प्रकाश बिंदल,जसवीर सिंह चावला, दिवाकर दुबे, परसराम कैवर्त, हर प्रसाद कैवर्त, हीरालाल कैवर्त, सुरेश कैवर्त,शत्रुघ्न कैवर्त, सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

### प्रयास विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज प्रयास आवासीय विद्यालय पहुंचकर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उनका सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, गुलदस्ता भेंट कर तथा प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। साथ ही आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं के 103 विद्यार्थियों में सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की। कक्षा 10वीं की छात्रा काव्या विकास पैकरा ने 600 में से 587 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान हासिल किया। वहीं छात्र रोहित साहू एवं मौसमी पटेल ने 600 में से 588 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में संयुक्त रूप से 7वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर संस्था एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं विभागीय प्रयासों का परिणाम बताया गया। कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला कांग्रेस ने नगर और पंचायत की सूची सौंपी

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान तहत बिलासपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस द्वारा बूथ, नगर निगम, नगर पंचायत एवं पंचायत की सूची प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को सौंप दी गई है। संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिला कांग्रेस ग्रामीण द्वारा जिले के 12 ग्रामीण ब्लॉकों में प्रभारियों को जिम्मेदारी दी थी, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 1491 बूथ, 484 पंचायत एवं 25 नगर निगम व 3-3 नगर पंचायत व नगर पालिका की संगठनात्मक जानकारी शामिल की गई है। सभी इकाईयों की सूची तैयार कर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन होने के बाद अधिकृत सूची जारी की जाएगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री का कहना है कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर जनसंपर्क बढ़ाने और आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि वर्ष 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं एकजुट बनाया जा रहा है। पार्टी का मानना है कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता, मजबूत बूथ प्रबंधन और जनहित के मुद्दों के साथ कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेगी। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव का लाभ लेने और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

### जनगणना कार्य शुरू, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय जनगणना कार्य का शुभारंभ 1 मई से बिलासपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में शुरू हो गया। जनगणना के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रगणक घर-घर पहुंचकर परिवारों से निर्धारित जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। यह कार्य पूरे मई माह तक संचालित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिले के प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने शुक्रवार 1 मई को बिल्हा तहसील के ग्राम हिर्री पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर प्रगणक अंजुबाला जायसवाल से घर के मुखिया की जानकारी डिजिटल माध्यम से दर्ज कराई। लगभग 5 मिनट में 33 बिंदुओं पर आधारित जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की गई। जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने पर कलेक्टर ने घर के मुखिया रामकृष्णा राजपूत से कहा कि जनगणना देश के विकास और नीति निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जनगणना कर्मियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जनगणना में दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं। व्यक्तिगत आंकड़ों को किसी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जा सकता तथा यह सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत भी उपलब्ध नहीं कराई जाती। इन आंकड़ों का उपयोग केवल शासन की नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण में किया जाता है।

## एजुकेशन प्लस

### आचार्य इंस्टीट्यूट ने बिलासपुर और मुंगेली का बढ़ाया मान



**बिलासपुर/मुंगेली।** आचार्य इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर सीजी बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता को साबित किया है।

डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष संस्थान का 10वीं और 12वीं में 100% परिणाम रहा। 10वीं कक्षा में संस्थान की छात्रा प्रज्ञा कश्यप ने 95.33% अंक प्राप्त कर टॉप किया। इसके साथ ही अन्य मेधावी छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, इसमें विनायक बैस - 94.17% उन्नति शुक्ला - 93.83%, भूपाली सोनकर - 93.50%, डॉली साहू - 92.83%, शंभवी सोनी - 90.83% है। इन सभी छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर बिलासपुर और मुंगेली क्षेत्र का नाम रोशन किया। 12वीं में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आशा यादव ने 97.40% अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बिलासपुर में 5वीं रैंक तथा जशपुर में 1वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। अन्य प्रमुख छात्रों में पायल साहू - 95.11%, मौलश्री भोई - 91.00% गोपाल पटेल – 89.00 प्रतिशत है।

### बिरला ओपन में शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम



**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए लर्निंग आउटकम्स की स्पष्ट समझ और प्रभावी पैडागॉजी (शिक्षण पद्धति) का ज्ञान अनिवार्य है। प्रशिक्षण का उदेश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एव उदेश्यपूर्ण बनाना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में माया मिश्रा एवं डॉ. सोनिया अब्राहम ने शिक्षकों को कक्षा में नवाचार लाने के लिए प्रेरित। शिक्षण पद्धति के विभिन्न स्तरों की जानकारी दी गई। प्रभावी पाठ-योजना निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर रेशु जैन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को शिक्षकों के सतत विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्राचार्या सुतापा सरकार ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### सेजेस तारबाहर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**बिलासपुर।** सेजेस तारबाहर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय की प्राचार्य उषा चंद्रा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88.13 % तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में युक्ति साहू ने 95.6%, सृष्टि प्रजापति ने 92.6%, आशी तंबोली ने 91% अंक प्राप्त किए व 12वीं कॉमर्स में माला कामले ने 89%, 12 वी गणित में तराना लारिया ने 90%, 12 वी बायो में यांशी ने 86.8% अंक प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में आशी तंबोली ने गणित में 100 अंक तथा कक्षा 12वीं में कुल 50 विद्यार्थियों में 43 प्रथम श्रेणी और 7 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे।



### डिजिटल स्मार्ट क्लासेज परसदा व चकरभाठा में इस वर्ष 100% रिजल्ट





**बिलासपुर।** डिजिटल स्मार्ट क्लासेज परसदा व चकरभाठा में 100% रिजल्ट रहा। जिसमे वंदना कौशिक 96.5%, सौम्या वर्मा 95.33%, रीना साहू 94.33%, डालसी सेन 93.16%, निशा मंजरे 90.16%, सिखा उपध्याय 89.16%, अनुष्का भोंसले 89.33%, मयूरी यादव 87.66%, सोनाक्षी दुबे 87.5%, शौर्य कौशिक 86.16%, गौरव गिरी गोस्वामी 86% रहा। कोचिंग संचालक इंजी राकेश कौशिक ने बताया कि कक्षा 12 वीं में श्रिया दुबे 91%, शिव विश्वकर्मा 84%, आस्था कौशिक 83%, तरुण पांडेय 79% अंक प्राप्त किया।

### होली नर्सरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट




**बिलासपुर।** होली नर्सरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं में हिमांशु मिश्रा (वाणिज्य) ने 87.8% अंक प्रथम, महिमा मुखर्जी (वाणिज्य) ने 84.4% अंक द्वितीय, अनुष्का भारद्वाज (जीवविज्ञान) ने 77.2% अंक तृतीय रही। वहीं कक्षा 10वीं में तनु तिवारी ने 92.50% अंक प्रथम, सौम्या सामंता वैभवी कश्यप ने 90.00% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा पियूष साहू ने 80.00% अंक प्राप्त कर तृतीय रहा। प्राचार्या वीना बैस ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की जाती हैं।

### काव्या को मिला 90 प्रतिशत अंक



**बिलासपुर।** चांटीडीह रपटा चौक निवासी काव्य देवांगन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम तिलक नगर स्कूल बायोलॉजी संकाय की छात्रा काव्य देवांगन ने 90% प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वे ललिता देवांगन एवं पुरुषोत्तम देवांगन की सुपुत्री हैं।

### अराना चौधरी को 84.2 प्रतिशत मिले



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में अराना चौधरी ने 12 वीं मैथ्स की छात्रा ने 500 में 421 अंक प्राप्त कर 84.2 प्रतिशत अर्जित कर माता सुजाता चौधरी, पिता नीलकमल चौधरी एवं गुरुजनों को गौरवान्वित किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों को दिया।

### सेंट पाल्स स्कूल तिफरा के बच्चों ने लहराया सफलता का परचम

**बिलासपुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल सीबीएसई द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल कक्षा 12 वीं एवं कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम सेंट पॉल्स इग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल तिफरा के विद्यार्थियों ने उन्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। इसमें अनुष्का शर्मा (बायो ग्रुप) ने 89.2% अंक प्रथम, प्राची सिगर (मैच्स ग्रुप) ने 86% अंक के साथ द्वितीय एवं माही पंथ (कॉमर्स ग्रुप) ने 85% अंक अर्जित कर तृतीय रही। इसी प्रकार 10वीं की संस्कृति कौशिक ने 94.83% अंक प्राप्त कर प्रथम रही। हर्ष झा ने 93.33% अंक प्राप्त कर द्वितीय, श्रेया कौशिक ने 91.83% तृतीय रही। विद्यालय की अध्यक्ष सेलिन जार्ज एवं प्राचार्या आशा दुबे ने शुभकामना दी है।





# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 2 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




वेकैंसी

## आरबीआई में जूनियर इंजीनियर के पदों पर 6 तक आवेदन

**बिलासपुर।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में जूनियर इंजीनियर के पदों पर भर्ती के लिए जो उम्मीदवार जूनियर इंजीनियर के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु की गणना 1 अप्रैल, 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 20 से 30 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। ओबीसी उम्मीदवारों को 3 वर्ष की छूट, एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को 5 वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास सिविल इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए।



### 300 अंकों के 180 सवाल पूछे जाएंगे

परीक्षा का आयोजन 06 जून को किया जाएगा। परीक्षा में उम्मीदवारों से अंग्रेजी भाषा, इंजीनियरिंग विषय और रीजनिंग विषय से 300 अंकों के 180 सवाल पूछे जाएंगे। यह परीक्षा 150 मिनट के लिए आयोजित कराई जाएगी। उम्मीदवार यहां बताए गए निम्नलिखित स्टेप्स की मदद से अपना फॉर्म भर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। अब आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करें।

स्टूडेंट्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कॅरियर के लिहाज से टर्निंग प्वाइंट का समय होता है। ऐसे में स्टूडेंट्स कई तरह के प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए हैं। मई-जून में होने वाले प्रमुख एंट्रेंस एग्जाम में एईईटी यूजी 3 मई, यूपीएससी प्रीलिम 24 मई, सीयूईटी यूजी 11-31 मई और सीजी पीपीएचटी 21 मई जैसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं निर्धारित हैं। मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवा के लिए यह महीना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए युवा शहर के सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरियों में ठंडक के बीच पढ़ाई करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# मई में कई प्रतियोगी परीक्षा, तैयारी करने स्टूडेंट्स कर रहे पढ़ाई

### कॅरियर के लिए टर्निंग प्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम 4 से 6 घंटे लाइब्रेरी में बिता रहे





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लाइब्रेरी प्रभारी ने बताया कि 12वीं के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और आर्ट्स के लिए ये परीक्षाएं मेरिट-आधारित प्रवेश सुनिश्चित करती हैं। यह समय स्टूडेंट्स व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए गोल्डन चांस होता है।

ऐसे में इन परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर शहर की सभी लाइब्रेरियों व कोचिंग के माध्यम से तैयारी कर रहे है। लाइब्रेरी की सीटें सुबह-शाम सेल्फ स्टडी करने सदस्यों से फुल हो चुकी है। मई और जून महीने में दर्जनों कम्पीटिशन व एंट्रेंस एग्जाम होंगे। ऐसे में सुबह से देर रात तक लाइब्रेरी में प्रतिभागी स्टूडेंट्स जुटे हुए है। लाइब्रेरी स्टूडेंट्स के लिए इन परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने में प्लेटफार्म का काम कर रही है।

यही वजह है कि हर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी पहली पसंद बनी गई है। यहां पर स्टूडेंट्स एकाग्र मन से तैयारी कर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें, ऐसा वातावरण उलब्ध कराया गया है।

### मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवा जैसे महत्वपूर्ण परीक्षाएं

लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी से एंट्रेस व कम्पीटिशन एग्जाम क्रेक करने स्टूडेंट्स 4 से 6 घंटे लाइब्रेरी में बिता रहे है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और आर्ट्स के लिए ये परीक्षाएं मेरिट-आधारित प्रवेश सुनिश्चित करती हैं। वहीं कंपीटिटीव एग्जाम से सीधे सरकारी जॉब का सपना साकार होता है। पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में लाइब्रेरी में तैयारी कर स्टूडेंट्स ने यूपीएससी, सीजीपीएससी प्रतियोगी परीक्षा और जेईई एडवांस व मेंस जैसी परीक्षा को क्रेक किए है। इन सफल स्टूडेंट्स को देखकर 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन के स्टूडेंट्स लाइब्रेरी की सदस्यता लेकर सेल्फ स्टडी से इन एग्जाम में सफलतापाने तैयारी में जुट गए हैं।

### ठंडे वातावरण में कर रहे पढ़ाई

लाइब्रेरी प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स अपने एग्जाम की बेहतर तैयारी कर सकें, इसके लिए उनके आगामी एग्जाम को लेकर बुक्स, स्टडी मटेरियल्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लाइब्रेरी में स्टूडेंट्स को उनकी डिमांड की बुक्स व मटेरियल्स की जानकारी लेने डिमांड रजिस्टर रखा गया है। वहीं गर्मी के मौसम में एसी और फैन की सुविधा के साथ कूलिंग वातावरण में स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे हैं। स्टूडेंट्स सिलेबस और परीक्षा पैटर्न, पिछले वर्षों के प्रश्नों के नोट्स मॉक टेस्ट की तैयारी कर रहे है।

धर्म-क्षेत्र

## पूजा के साथ उत्सव की शुरूआत आज,11 तक चलेगी

**बिलासपुर।** श्री मरीमाईं माता पूजा उत्सव समिति द्वारा कंस्ट्रक्शन कालोनी में 2 से 11 मई तक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। यह पूजा का 20 वां वर्ष है,गर्मी के मौसम में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान माता पूजा का चौथा एवं इस वर्ष के अंतिम आयोजन है। माताजी के पूजा का शुभारंभ राटा पूजा से शनिवार को प्रारंभ होगा। कालोनी से पूजा पंडाल तक डबली बाजा, ताशा बाजा, वाद्ययंत्रों एवं आतिशबाजी के साथ पूजा पंडाल बड़े धूमधाम, राटा पूजा शोभायात्रा के साथ पहुंचेगी। इस धार्मिक अनुष्ठान को करने के लिए भव्य पंडाल का तैयारी चल रही है, गर्मी से राहत के लिए कूलर का व्यवस्था, पानी का व्यवस्था, पूजा में उपस्थित भक्तों के लिए बैठने का व्यवस्था, महाप्रसाद का व्यवस्था इत्यादि आवश्यक कार्यों का इंतजाम किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष डॉ अजय सिंह एवं सचिव एन मनोहर राव ने बताया कि माताजी के आगमन से पहले राटा पूजा से शुभारंभ किया जाता है। इस पूजा को सुहागिन महिलाओं द्वारा किया जाता है। इस पूजा की विधि सबसे पहले पीतल की गुंडी को हल्दी से लेपकर गुंडी को श्रृंगार कर गुंडी में हल्दी मिला हुआ पानी डालकर मोंगरे फूल एवं नीम पत्ती से सजावट कर इस गुंडी को तेलुगू भाषी मोराटा से संबोधित करते हैं। पुजारी के सुधा द्वारा दक्षिण पद्धति से विधि–विधान से पूजा अर्चना कर श्रृंगार किया हुआ गुंडी को शीश पर रखकर डबली बाजा, ताशा बाजा, वाद्ययंत्रों एवं आतिशबाजी के साथ पूजा पंडाल के लिए प्रस्थान होते हैं। बिलासपुर के बने 5 बाल पुजारीयों को शरीर में हल्दी का लेप लगाकर राटा पूजा के लिए पाल कोम्मा का टहनी कि आवश्यकता होती है।



# तकनीक से जुड़कर ही संस्कृत का पुनरुत्थान संभव : प्रो. वरखेड़ी

**बिलासपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी का कहा कि लगभग 300 वर्षों के बाद 'पौष्पी पाणिनिप्रक्रिया' को तर्क और विज्ञान के आधार पर पुनः स्थापित करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संस्कृत और पाणिनीय परम्परा को आधुनिक तकनीकी साधनों से जोड़ना समय की मांग है, जिससे डिजिटल युग में इसका पुनरुत्थान संभव हो सके। प्रोफेसर वरखेड़ी पाणिनीय शोध संस्थान के सभागार में "पौष्पी पाणिनिप्रक्रिया का विश्वपरिचय एवं विद्वत्सम्मान" विषय पर परिचर्चा में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में संस्कृत जगत के विद्वानों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं संस्कृति प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक बटुकों के मंत्रोच्चारण एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्थान की अध्यक्षा प्रो. पुष्पा दीक्षित ने स्वागत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति तथा संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री शहर विधायक अमर अग्रवाल का पुष्पगुच्छ एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।



### विद्वत्सम्मान एवं ग्रन्थ लोकार्पण

इस अवसर पर प्रो. ब्रजभूषण ओझा एवं प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय को 'पण्डितराज विद्वत्सम्मान' से अलंकृत किया गया। साथ ही प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी द्वारा रचित ग्रन्थ "संस्कृत की विदूषियाँ एवं महिलाएं" का लोकार्पण किया गया, जिसमें संस्कृत साहित्य में महिलाओं के योगदान को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। अंत में संस्थान के सचिव चन्द्रप्रकाश वाजपेयी ने सभी अतिथियों, विद्वानों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिजित दीक्षित द्वारा किया।

### संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा : अग्रवाल

संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि श्री अमर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने शिक्षा और समाज में इसके पुनर्स्थापन की आवश्यकता पर बल दिया।

### पाणिनिप्रक्रिया की वैश्विक प्रासंगिकता : प्रो. पुष्पा

विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो. पुष्पा दीक्षित ने पाणिनीय व्याकरण की वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पाणिनि का व्याकरण न केवल शास्त्रीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आधुनिक भाषाविज्ञान और कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स में भी इसकी उपयोगिता सिद्ध हो चुकी है।

### संस्कृत की वैज्ञानिकता और वैश्विक स्वीकार्यता : प्रो. त्रिपाठी

सारस्वत उद्बोधन में प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी ने संस्कृत भाषा की वैज्ञानिक संरचना और विश्व स्तर पर उसकी बढ़ती स्वीकार्यता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने संस्कृत को ज्ञान-विज्ञान की आधारभूत भाषा बताया।

### पाणिनीय व्याकरण की सूक्ष्मता और आधुनिक संदर्भ

विद्वत्सम्बोधन में प्रो. ब्रजभूषण ओझा (वाराणसी) और प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय (जयपुर) ने पाणिनीय व्याकरण की गूढ़ता, उसकी संरचना और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## माता का नागम्मा के रूप में पूजन



**बिलासपुर।** श्री श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति, बराखोली बंगला यार्ड स्टेशन रोड द्वारा आयोजित माता महोत्सव के 8वें दिन माता का स्वरूप नागम्मा के रूप में पूजित किया गया। नागम्मा देवी को सर्पों की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है, जो उर्वरता, सुरक्षा एवं समृद्धि का प्रतीक हैं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। खड़गपुर से आए पंडित पार्थ सारथी, उनके सहयोगी और बाल पुजारियों द्वारा पूजा अर्चना और महा आरती की गई। इस अवसर पर महाप्रसाद के रूप में सेवई खीर का वितरण किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शैलेश पांडेय एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। कुमकुम पूजा में 560 सुहागिन महिलाओं ने भाग लेकर अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-शांति के लिए माता को कुमकुम अर्पित किया। कार्यक्रम में आए भक्तों के भोजन की व्यवस्था जे. दामोदर राव, पी. शंकर राव (चंटी), के. लल्ला राव एवं पी. कोरमा राव के सौजन्य से की गई।

## हर्षोल्लास से मनाई आनंद पूर्णिमा

**बिलासपुर।** आनंद मार्ग जागृति शिवघाट सरकंडा में श्री श्री आनंदमूर्ति का 105 वाँ आविर्भाव दिवस 1 मई को श्रद्धा, भक्ति और सेवाभाव के साथ मनाया गया। इस उत्सव में सुबह 6.07 बजे मंगल ध्वनि, जयघोष और आतिशबाजी के साथ भक्तों ने आविर्भाव दिवस का प्रारम्भ किया। संभागीय सचिव आचार्य चित्तप्रभानंद अवधुत ने बताया कि आनन्द मार्ग के प्रवक्ता आनंदमूर्ति का जन्म आज ही के दिन 1921 बिहार के छोटे से शहर जमालपुर में हुआ था। उनका जन्म इस धरती के लिए अत्यंत कल्याणकारी है। उन्होंने इस धरती के कण-कण को भक्ति के रस में डुबोने तथा हर एक हृदय में अनंत ईश्वर के प्रति प्रेम जगाने के लिए बेहद उन्नत योग-साधना व जीवन पद्धति समाज को दिया है। इसके साथ ही वैश्विक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रउत (प्रगति उपयोगी तत्व ) जैसे अध्यात्मिकता और नैतिकता पर आधारित सिद्धांत देकर मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रवर्तित किया है। आनंद पूर्णिमा आज विश्व के सभी इकाई में बड़े धूम धाम से मनाया गया। रूप सिंह ने बताया कि यहाँ साधको द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोहर साहा, प्रहलाद मिश्रा, सत्यवान, मनीष आदि मौजूद थे।



स्पोर्ट्स

## नेशनल स्कूल गेम्स में बेसबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन, चार रजत पदक जीते



**बिलासपुर।** नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने 16 से 22 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर-14 एवं अंडर-17 बेसबॉल टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चारों वर्गों ने रजत पदक जीते। सभी टीमों ने अपने-अपने पूल मैचों में अपराजित रहते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और कड़े मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, बिलासपुर के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 वर्ग में दीपक कुमार, हर्ष देवांगन, शालू नेताम, प्रियांशु राज तथा अंडर-17 वर्ग में आयुष कुमार सेन ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उनके इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह चावला, प्राचार्या श्रीमती रश्मि सिरिया,उप प्राचार्या स्वप्निता साहू एवं प्रधान पाठिका गीतिका सैमुअल ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

कार्नर न्यूज

## दिव्यांग बच्चों के समर कैंप में फायरलेस कुकिंग योग, मेडिटेशन एवं सेल्फ केयर सिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डाइटिशियन एंड न्यूट्रिशनिस्ट एसोसिएशन गुरुद्वारा सिंह सभा दयालबंद एवं स्पेशल ओलंपिक्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। यह कैंप शहर में पहली बार विशेष दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष परमजीत सिंह सलूजा रहे। विशिष्ट अतिथियों में गुरदीप आजमानी, लायंस क्लब से नितिन सलूजा तथा बीडीएनए अध्यक्ष ललित पुजारा उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए उत्साहपूर्वक प्रस्तुतियां दीं, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। बच्चों के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के लिए परमजीत सिंह, रौनक सिंह, डॉ मीना गुप्ता, मोनिका कोल्हे,वर्षा अरोरा, विधि अरोरा, सिद्धि उभरानी, डॉ किरण नाहरल, डॉ भूमि साहू, एवं जडिया, तेलंग, श्रद्धा, महेश्वरी,चक्रवर्ती, अल्का सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस 15 दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन बिलासपुर डाइटिशियन एंड न्यूट्रिशनिस्ट एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष एवं स्पेशल ओलंपिक्स भारत छत्तीसगढ़ की फैमिली फोरम प्रमुख कविता पुजारा के नेतृत्व में किया गया।

कैंप के दौरान बच्चों को संख्याएं, रंगों की पहचान, फायरलेस कुकिंग, योग, मेडिटेशन एवं सेल्फ केयर जैसी उपयोगी गतिविधियों का प्रशिक्षण स्पेशल एजुकेटर के सहयोग से प्रदान किया गया। साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों के स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यक देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया। फायरलेस कुकिंग एवं हैंड वॉशिंग का प्रशिक्षण शिमरन पुजारा द्वारा दिया गया। कैंप के दौरान बच्चों ने भेल, नींबू शिकंजी एवं सैंडविच बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया,जिसका स्वाद उपस्थित अतिथियों ने भी लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और नितिन सलूजा द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए।



## नियमों का पालन रखता है तनाव मुक्त

ब्रह्माकुमारी ओम शांति सरोवर उसलापुर सेवा केंद्र में आयोजित समर कैंप में बालव्यक्तित्व विकास शिविर के पहले दिन बच्चों ने अपार उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। सेवा केंद्र की संचालिका, बी के छाया दीदी और अन्य सहयोगी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। बच्चों ने सरस्वती वंदना, गायत्री मंत्र और प्रार्थना में हिस्सा लिया, जिससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का संचार हुआ।

बीके छाया बहन ने बच्चों को अच्छे व्यवहार और आदतों के महत्व के बारे में समझाया, जैसे समय पर सोना, जल्दी उठना, ताजे फल और सब्जियां खाना स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और घर का बना भोजन लेना। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें जंक फूड से बचना चाहिए और बड़े-बुजुर्गों का आदर,साथ ही छोटे से प्रेम करना चाहिए। इन मूल्यों को बच्चों ने खेल-खेल में, कहानियों और उदाहरणों के ज़रिए बड़ी रुचि से आत्मसात किया। बीके गरिमा बहन ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, यह बताते हुए कि जीवन में नियमों का पालन कैसे सफलता और तनाव मुक्त जीवन देता है। उन्होंने कहा कि जब हम अनुशासित रहते हैं, तो हमारा समय प्रबंधित होता है, लक्ष्यों की प्राप्ति सरल होती है, और जीवन व्यवस्थित रहता है। साथ ही, खुशी बहन और दुर्गा बहन ने बच्चों को योग, प्राणायाम और व्यायाम कराया, बीके अनामिका बहन ने एरोबिक डांस एक्सरसाइज सिखाया। अंत में, हेमा बहन ने बच्चों को मेडिटेशन कराया, जिससे बच्चों को आंतरिक शांति और एकाग्रता का अनुभव हुआ। इस समर कैंप में बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का वादा किया है और अगले दिनों में भी ऐसे ही प्रेरक सत्र आयोजित होंगे। यह समर कैंप अगले 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें हर दिन बच्चों को नई-नई सीख, अभ्यास और प्रेरणादायक गतिविधियाँ प्राप्त होंगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और जीवन में सकारात्मक दिशा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हवन कार्यक्रम

**बेलतरा।** बेलतरा क्षेत्र के ग्राम नेवसा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हमारे गृह निवास में सपरिवार मिलकर मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण, साथ ही वातावरण के परिशोधन एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का लाभ जन-जन तक पहुंचाने तथा विश्व कल्याण के उद्देश्य से 'गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ' अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान की यह विशेषता रही कि, यह भारतवर्ष सहित पूरे विश्व में एक ही समय पर साधना अनुष्ठान हुआ एवं गायत्री परिवार ने इस यज्ञ अभियान को संपन्न किया।

### मोबाइल चोरी की बात पर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** मोबाइल चोरी करने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकुलपुर निवासी गंगा बघेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वैवाहिक कार्य के दौरान 28 अप्रैल को राकेश कुर्रे का मोबाइल गुम गया था, जिसको लेकर राकेश ने गंगा बघेल के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं बीजा निवासी श्याम बंजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, देवा बघेल शराब के नशे मोबाइल गुमने की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### मनोरमा दुबे

**बिलासपुर।** ग्राम पाराघाट -मस्तूरी निवासी मनोरमा दुबे का निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार पाराघाट मुक्ति धाम में किया गया। वे छेदी लाल दुबे की पत्नी, संजय,विनय दुबे की मां एवं संतोष दुबे की भाभी थीं।



### मंजरी मिश्रा

**बिलासपुर।** ए सुपर-89 अज्ञेय नगर निवासी मंजरी मिश्रा का शुक्रवार 1 मई को दिल्ली में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 2 मई की सुबह 9 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आशीष मिश्रा की पुत्री, सुभाष मिश्रा की पोती, सीए संजय मिश्रा की भतीजी थीं।



### आर. रामा राव

**बिलासपुर।** देवरीखुर्द चौक शिवम टेलर के पास रहने वाले आर रामा राव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 मई को सुबह 10 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आर. श्रीनिवास राव एवं आर. रमेश राव के पिता थे।



### आलोक सेन

**मुंगेली।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक सेन के सुपुत्र आलोक सेन का 1 मई शुक्रवार को शाम 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 मई को सुबह 9 बजे खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### उत्साह, सेवाभाव के साथ मनाया गया बेलतरा विधायक का जन्मदिन

# बेलतरा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर समर्पित रहूंगाः सुशांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेलतरा

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के जन्मदिन पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर्षोल्लास, आस्था और सेवा भाव के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्र के नागरिकों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ इस दिन को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर बेलतरा के भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल में 51 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। अशोक नगर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। नूतन चौक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा विधायक श्री शुक्ला को लड्डुओं से तौलकर अभिनव अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। विधायक श्री सुशांत शुक्ला को जन्मदिन की बधाई देने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, भैयालाल रजवाड़े, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, महापौर पूजा विधानी सहित हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से भी लोगों ने पहुंचकर एवं संदेशों के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इससे पूर्व विधायक श्री शुक्ला ने अपने जन्मदिन की शुरुआत धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर की। उन्होंने रतनपुर स्थित महामाया मंदिर, गिरजाबंद के हनुमान मंदिर एवं नगोई के महामाया मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस मौके पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि मुझे अपार खुशी है कि मेरे जन्मदिन को मेरे क्षेत्र के लोगों और कार्यकर्ताओं ने सेवा और समर्पण के रूप में मनाया। रक्तदान जैसे पुण्य कार्य और जनसेवा के कार्यक्रम समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। मैं सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि बेलतरा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर समर्पित रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राज्यपाल रमन डेका, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गोवा मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह , पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, गुजरात उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित अन्य कैबिनेट मंत्रियों एवं प्रदेश के जनप्रतिनिधियों ने फोन के माध्यम से शुभकामनाएं और बधाई संदेश प्रेषित किए।






## जन्मदिन पर मां महामाया के दरबार पहुंचे



**रतनपुर।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक नगरी रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की एवं मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश एवं अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की खुशहाली, सुख-समृद्धि और विकास की कामना की। श्री शुक्ला के मंदिर परिसर आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बिलासपुर जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, रतनपुर मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष लव कुश कश्यप, ज्वाला कौशिक, संतोष तिवारी, तीरीथ राम यादव, राजू शर्मा, स्वीटी शर्मा, मनोज कश्यप, ज्ञानेंद्र कश्यप, अभिलाषा बघेल, रेहाना सहित बेलतरा विधानसभा एवं रतनपुर मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा सदन में कार्यकर्ताओं ने काटे केक



**लगरा।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का जन्मदिन शुक्रवार को सेवा सदन में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व शुभचिंतको ने बेलतरा विधायक कार्यालय सेवा सदन पहुंच कर श्री शुक्ला को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्म दिन की बधाई दी व उनके अच्छे स्वास्थ व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष व एमआईसी तिलक साहू, भाजपा जिला ग्रामिण कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रहरि, पवन हरिओम कष्यप, मोनू रतनाकर श्रीवास, ऋषभ चुतुर्वेदी, कमन पटेल, नारद साहू, सुरेश साहू, रामप्रसाद साहू, गेन्दराम यादव, दौलत साहू, अरूण, भूपेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश कैवर्त्य, मुखीराम बिरजे, ओमप्रकाश श्रीवास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण द्वारा भाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी की अगुवाई में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर ऋषभ चतुर्वेदी, ब्रजेश शर्मा, अनीश धीवर, अभिषेक साव, प्रवीण सोनकर, यश गौरहा, तुषार चंद्राकर, अंकुर सिंह, रितेश कालवानी सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पार्षद जय ने समर्थकों के साथ मनाया जन्मदिन

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का जन्मदिन पार्षद जय वाधवानी ने कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पार्षद जय वाधवानी ने कहा कि सुशांत शुक्ला सिर्फ हमारे विधायक नहीं, बड़े भाई और मार्गदर्शक हैं।




बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला को उनके जन्मदिवस पर एवीएम ग्रुप के अमित शुक्ला ने मित्रों के साथ मिलकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर केक काटकर विधायक के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। साथ ही मिष्ठान वितरण कर जनता के बीच खुशियां बांटी गईं।

## मिशन 90 प्लस का असर, जेवरा के बच्चों ने किया कमाल



**सीपत।** सीपत तहसील के वनांचल ग्राम जेवरा स्थित शासकीय उमा विद्यालय ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि 10वीं में 92.02 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। जानकारी के अनुसार 12वीं कक्षा में कुल 48 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 46 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 10वीं कक्षा में 38 विद्यार्थियों में से 21 ने प्रथम श्रेणी और 14 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि कुछ विद्यार्थी पूरक परीक्षा के पात्र बने। मेधावी विद्यार्थियों में 12वीं कक्षा की सोनिया ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। श्रेया ने 94.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं सुमन ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं कक्षा में रुद्रविजय सिंह पैकरा ने 86.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे प्राचार्य रामेश्वर जायसवाल के नेतृत्व में संचालित 'मिशन 90 प्लस' अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाएं एवं सतत मूल्यांकन के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य रामेश्वर जायसवाल ने कहा कि, यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित भावना और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। 'मिशन 90 प्लस' के माध्यम से हमने बच्चों में आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने का प्रयास किया, जिसका सकारात्मक परिणाम आज सामने है।

## कन्या शाला सीपत की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**सीपत।** कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा, जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में सुहाना कुंभकार ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंतरा ने 83.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा निकिता पटेल ने 83.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा 12वीं में पद्मिनी रजक ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंजू यादव ने 82.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं हिमानी ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपना स्थान बनाया। छात्राओं की इस सफलता पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल रहा। संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि, यह परिणाम छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। वे आगे भी इसी तरह मेहनत कर ऊंचाइयों को प्राप्त करें। प्राचार्य एबी कुजूर ने कहा कि, स्कूल की छात्राओं ने जिस लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई की है, उसी का परिणाम आज सामने आया है।

### लोरमी में इको टूरिज्म पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**लोरमी।** भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 2, 3 एवं 4 मई को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक इको टूरिज्म एवं छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2024-30 पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का आयोजन सीएसआईडीसी के बैनर तले एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं, टूर गाइड्स, महिला स्व-सहायता समूहों, पर्यटन से जुड़े उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा देना, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना तथा पर्यटन आधारित स्वरोजगार के अवसरों को विकसित करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एडवेंचर टूरिज्म, इको टूरिज्म, सांस्कृतिक एवं कला पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन तथा होमस्टे जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## नहर किनारे युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**तखतपुर।** लिदरी नहर किनारे एक युवक की लाश मिली, जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कर जांच शुरू की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को 1 मई की सुबह सूचना मिली कि, लिदरी नहर किनारे एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कराया गया व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना पर फोरेंसिक टीम टीम पहुंची और घटना स्थल का मुआयना करने के बाद सड़क दुर्घटना की आशंका व्यक्त की। शिनाख्त में मृत युवक की पहचान महासमुंद कुर्मीपारा निवासी हरिशंकर वैष्णव पिता लक्ष्मण दास वैष्णव उम्र 40 वर्ष के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने पाया कि, मृतक एक मित्र दुष्यंत चंद्राकर पालिटेक्निक कालेज तखतपुर में लैब अटेंडेट के रूप में कार्यरत है, जिससे मिलने 15 दिन पहले वह आया थाष तभी से दोनों साथ रह रहे थे। 30 अप्रैल की रात मृतक अपने मित्र के साथ शराब पीने के बाद लगभग 8 बजे बाहर से आ रहा हूं कहकर घर से निकला और वापस नहीं आया। सुबह कुछ लोगों ने उसे सूचना दी, तो उसने घटना स्थल पर पहुंच कर पहचान की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। 1 मई की सुबह सूचना मिली, जिसके आधार पर घटना स्थल लिदरी में पुलिस की टीम पहुंची और वहां पर पड़े शव का पहचान कराई गई। शव की स्थिति को देखते फोरेंसिंक टीम को सूचित किया गया, फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव की स्थिति को देखकर सड़क दुर्घटना की आशंका व्यक्त की जा रही है।

**- विवेक पाण्डेय,** थाना प्रभारी तखतपुर

## कायस्थ समाज ने मजदूरों को किया सम्मानित



**बिल्हा।** कायस्थ समाज बिलासपुर की ओर से शुक्रवार 1 मई 2026 को सुबह 11 मजदूर दिवस के उपलक्ष में चित्रगुप्त मंगल भवन इमलीपारा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मजदूरों के प्रति सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मान और समानता का भाव रखने के उद्देश्य से समिति के सभी सदस्यों ने दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्र से आये मजदूरों को तिलक लगाकर सम्मानित किया, साथ ही गमछा एवं कोल्डड्रिंक भेंट किया। कायस्थ भवन से लोगों में संदेश दिया गया कि, मजदूर किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की रीढ़ की हड्डी होते हैं, जो शारीरिक श्रम से विकास को गति देते हैं। हमें उनके योगदान को याद करते हुए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें उनका उचित हक मिले। कार्यक्रम समापन के पश्चात शहर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करते हुए कायस्थ समाज के द्वारा जगह-जगह मजदूरों को एकत्रित कर सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप भेंट दिया गया। अध्यक्ष आलोक वर्मा के साथ गोवर्धन श्रीवास्तव, मदन श्रीवास्तव, विजय किशोर वर्मा, जयंत श्रीवास्तव के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए समाज में और भी ऐसे कार्य किए जाने की अपील की।

### गुमशुदा



निवेदन है कि नाम गणेश कुर्रे पता नगोई तखतपुर उम्र लगभग 57 साल है जो की 29/04/2026 को लगभग करीब 9:20 बजे तखतपुर से बस बैठ कर बिलासपुर के लिए आये थे, और वह आदमी बोल नही पाता है, और दोनों हाथों में ऊंगली नही है, वह कपड़ा लाल टी-शर्ट और चड्डा हाथ में एक लाठी है।

अतः इसकी जानकारी किसी भी व्यक्ति को मिले तो नीचे लिखे गये नम्बर पर तुरन्त जानकारी देवें। पता बताने वाले को उचित ईनाम भी दिया जायेगा।

**संतोष कुर्रे**
**मो. 9131679061**

### समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पेण्ड्रारोड

**शपथ-पत्र**

मैं राधा बाई उम्र 50 वर्ष पति कंधई जाति चौधरी साकिन वार्ड नं. 03 पेण्ड्रा तहसील पेण्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. की निवासी हूँ जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँः- 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि, मेरी नातिन का वास्तविक नाम माही पिता वेदप्रकाश है जो कि मेरी नातिन के अंकसूची मे दर्ज है। 3. यह कि, मेरी नातिन के आधार नं. 9167 7990 0695 में मेरी नातिन का नाम लक्ष्मी पिता वेद प्रसाद नागवंशी दर्ज है। 4. यह कि, मैं अपनी नातिन के आधार नं. 9167 7990 0695 में नातिन का नाम लक्ष्मी (Laxmi) पिता वेद प्रसाद नागवंशी (Ved Prasad Naggwanshi) के स्थान पर नातिन का वास्तविक नाम माही (Mahi) पिता वेदप्रकाश (Ved Prakash) दर्ज कराना चाहती हूँ जिसके समर्थन में यह शपथपत्र सर्व साधारण की जानकारी हेतु दैनिक समाचार पत्र मे प्रस्तुत कर रही हूँ।

राधा बाई, शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं राधा बाई उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथपत्र में लिखी हुई बातें मेरी स्वयं की जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य हैं, जिसे मैं आज दिनांक 30/04/2026 को स्थान पेण्ड्रा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

राधा बाई, शपथकर्ता

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग)

**सूचना**

क्रमांक/ / रार.नि.........
दिनांक 30/04/2026

प्रति 1 श्री. मेलूराम निर्मलकर पि. मंगलूराम 2. श्री सुमित टाह 3. हिर्रीमाइंस बिलासपुर 4. ख.न. 1005 के समस्त टुकड़ों के भूमिस्वामी 5. खसरा नं. 1007 के समस्त टुकड़ों के भूमिस्वामी 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषयः सीमाकन/मौका जाँच/नक्सा बटांकन के समय उपस्थित रहने बावत।

ग्राम छतौना प.ह.न 37 रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग) आवेदक पिता मेलूराम पिता मंगलूराम के द्वारा खसरा नंबर 1005/3 रकबा 0.1620 हे. के सीमाकन/मौका जाँच/नक्सा बटांकन हेतु तहसीलदार / नायब तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

उपरोक्त संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में सीमाकन/मौका जाँच/नक्सा बटांकन की कार्यवाही दिनांक 04.05.26 और समय 11.00 बजे को किया जायेगा।

अतः आप भूमि सम्बन्धी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो बाद में आपति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

टीप - विशेष परीस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होगे।

राजस्व निरीक्षक, अमसेना

### न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला - बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00039 तालापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT20252640 0108500092

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम तालापारा के वर्तमान भूमिस्वामी कौशिल्या बाई पति श्यामलाल पिता/पति- पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 87/1 (0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुकेश कुमार अंचल पिता/पति-स्व रामप्रसाद पता-जरहाभाठा बिलासपुर, उर्मिला बाई राय कृष्णमूर्ति अंचल प्रमिला देवी द्वारिका प्रसाद जमुना प्रसाद पिता/पति-स्व श्यामलाल पता-जरहाभाठा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/04/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार Vinita Sharma
तहसील बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-6/2025-26
पक्षकार :- मनहरण लाल कोसले पिता लहूरमन कोसले वगैरह.... आवेदिका
बनाम
छ.ग. शासन .... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मनहरण लाल कोसले पिता लहूरमन कोसले वगैरह निवासी मगरपारा रोड बिलासपुर (छ.ग.) ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नं. 24 प्लाट नं. 22/3 का टुकड़ा रकबा 436 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदकगण के द्वारा विक्रेता पुताराबाई राते बेवा रामलोचन रात्रे दिनांक 31.12.2004 को क्रय किया गया था। पुताराबाई की मृत्यु दिनांक 05.08.2011 को हो चुकी है। आवेदकगण के द्वारा खरीदी बिक्री के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यवित को आपत्ति हो तो वे दिनांक 4/5/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 15/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम मोपका प.ह.न. 29 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा न. 2452/2 रकबा 0.0180 हे. को युगल किशोर साहू पिता धनीराम साहू निवासी लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा जाना स्माल फाइनेंस बैंक बिलासपुर से ऋण स्वीकृत कराया जाकर विक्रेता बीना पटेल पति छत्रपाल पटेल निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को विक्रेता बीना पटेल पति छत्रपाल पटेल से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16/02/2023 को क्रय किये जाने पश्चात सीमांकन कराये जाने पर समक्ष प्राधिकारी के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि, "विक्रेता द्वारा जिस भूमि को अपना बताकर बेचा गया है उस भूमि से मौके पर प्रस्तुत बैनामा चौहद्दी से मिलान नहीं होता है।" इस प्रकार क्रेता को भूमि का आधिपत्य प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन के पूर्व जाना स्माल फाइनेंस बैंक के द्वारा उक्त भूमि से समबन्धित समस्त दस्तावेजो का सर्च कराया गया है। वर्तमान में मेरे व जाना स्माल बैंक के मध्य उक्त भूमि के संबंध में विवाद की स्थिति बनी हुई है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम मोपका प.ह.न. 29 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा न. 2452/2 रकबा 0.0180 हे. हेतु किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा जाना स्माल फाइनेंस बैंक के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार न करे । भविष्य में किसी प्रकार के छल कपट या धोके के लिए जाना स्माल फाइनेंस बैंक के साथ संव्यवहार करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अभिजीत सरकार
अधिवक्ता, बिलासपुर
मो.नं. 9300321180

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### दुर्ग-हरिद्वार समर स्पेशल में अतिरिक्त कोच कल से

**बिलासपुर।** अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग से हरिद्वार के बीच चलने वाली समर स्पेशल में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा देने निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 08743/08744 दुर्ग-हरिद्वार और हरिद्वार से दुर्ग के बीच समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस ट्रेन में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा दुर्ग से चलने वाली ट्रेन में 3 से 31 मई तक और हरिद्वार से चलने वाली समर स्पेशल में 4 मई से 1 जून तक यात्रियों के लिए दी जाएगी।

### ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**बिलासपुर।** ट्रेन से गिरने के बाद यात्री का पैर कटा और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जीआरपी के अनुसार बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेन से एक यात्री जयरामनगर स्टेशन के पास गिर गया था। ट्रेन से गिरने के बाद उसके पैर और अन्य शरीर में गंभीर चोट पहुंची। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर घायल यात्री को उपचार के लिए हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उपचार के दौरान मृतक ने अपना नाम संतोष यादव निवासी नयापारा होना बताया था। फिलहाल मर्ग कायम करने के बाद परिजन की तलाश की जा रही है।

### नाबालिग को किया चाइल्ड लाइन के सुपुर्द

**बिलासपुर।** घर से भागकर रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्लेटफार्म पर बैठी नाबालिग को देखकर आरपीएफ ने पूछताछ के बाद चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक मोहम्मद एजाज, महिला आरक्षक अनिता ने गश्त के दौरान नागपुर छोर पर एक नाबालिग को देखकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने की वजह से परिजन परेशान थे, जिसकी वजह से बिना किसी को बताए वह घर से निकल गई थी। पूछताछ करने के बाद आरपीएफ की टीम ने नाबालिग को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया है।

### जिला समन्वय केंद्र का शुभारंभ

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित "आत्मनिर्भर युवा – आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ अभियान" के अंतर्गत सीएमटीसी (कोनी) में जिला समन्वय केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। एसएसपी रजनेश सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। अभियान के प्रथम चरण में आईयूथ स्टोर मॉडल लागू किया जा रहा है, जिसके तहत 55 ग्राम पंचायतों की चयनित महिला उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंक ऋण, प्रशिक्षण एवं संचालन सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला समन्वय केंद्र इस पहल का प्रमुख संचालन केंद्र होगा, जहां से उद्यमियों, बैंकों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा।

**अब नए सिरे से सुधार की जरूरत** न लाइट-पंखे न ही सफाई, कलेक्टर तक पहुंचा मामला

# पुरानी कमिश्नर बिल्डिंग की रिपेयरिंग से पीडब्ल्यूडी का इनकार, तहसीली की शिफ्टिंग अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मुंगेली नाका चौक स्थित पुरानी कमिश्नर बिल्डिंग में तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग का मामला फिर अटक गया है। सूत्रों के अनुसार कमिश्नरी बिल्डिंग नगर निगम की है, जिसकी रिपेयरिंग से लोक निर्माण विभाग ने साफ इनकार कर दिया है। आज की स्थिति में भवन में न तो लाइट-पंखे हैं और न ही किसी तरह की सफाई है। ऐसे में बिना समुचित व्यवस्था के तहसीली शिफ्टिंग का मामला अभी दूर नजर आ रहा है।

नेहरू चौक स्थित तहसील के पुराने भवन के स्थान पर प्रदेश के सबसे अच्छे व गरिमामय तहसील भवन बनाने का सपना फिलहाल सपना ही नजर आ रहा है। शासन द्वारा तहसील के नए भवन के लिए स्वीकृति तो काफी पहले से प्रदान कर दी गई है, लेकिन इसमें लगातार अड़चने आ रही हैं। नया तहसील भवन तैयार होने तक तहसीली के कामकाज के लिए लिए मुंगली नाका स्थित पुराने कमिश्नर कार्यालय में तहसीली की शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही थी, लेकिन यह मामला लगातार स्थगित ही होता जा रहा है। कमिश्नरी की कोनी शिफ्टिंग होने के बाद भवन में सूनेपन का लाभ उठाकर चोरों के द्वारा लाईट, पंखे व आवश्यक सामानों की चोरी कर ली गई है, जिसमें नए सिरे से सुधार की जरूरत है।

इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को लिखा गया था, लेकिन पुराना कमिश्नर कार्यालय नगर निगम की बिल्डिंग होने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी भी तरह के सुधार से इनकार कर दिया गया है। ऐसे में अब पुराने कमिश्नर कार्यालय में तहसीली की शिफ्टिंग का मामला फिलहाल अधर में नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा की गई है, जिसका जल्द निराकरण करने की बात कही जा रही है।

### 26 जनवरी को तहसीली शिफ्टिंग की थी तैयारी

पुराने कमिश्नर कार्यालय में तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग 26 जनवरी से प्रारंभ करने की तैयारी थी। इस दौरान एसडीएम द्वारा अधिकारियों के साथ दो बार भवन का निरीक्षण भी किया जा चुका है। इतना ही नहीं, बल्कि तहसील कार्यालय की सभी शाखाओं को आवश्यक पैकिंग के निर्देश भी दिए जा चुके थे। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा अपने खर्च से कमिश्नरी बिल्डिंग की दो बार सफाई भी कराई जा चुकी है, लेकिन जैसे ही बात शिफ्टिंग तक पहुंचती है मामला गड़बड़ हो जाता है।

### स्थल चयन को लेकर भी हुई थी माथापच्ची

इससे पहले स्थान के चयन को लेकर भी काफी माथापच्ची की गई थी। तहसील भवन के लिए पहले कोनी में जमीन का चयन किया गया था, जिसका शहर से काफी बाहर होने के कारण स्थानीय वकीलों ने काफी विरोध किया था। बाद में कोनी में न बनाकर नया भवन पुराने स्थान नेहरू चौक पर ही बनाने का निर्णय लिया गया।

### कलेक्टर से चर्चा की गई है

पुराने कमिश्नर भवन में न तो लाईट-पंखे की व्यवस्था है, न ही साफ-सफाई है। लोक निर्माण विभाग को लाईट-पंखे व मरम्मत के लिए लिखा गया था, लेकिन भवन नगर-निगम का होने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत नहीं की गई। इस संबंध में कलेक्टर से भी चर्चा की गई है।

**-मनीष कुमार साहू,** एसडीएम बिलासपुर

वार्ड एक व दो सकरी क्षेत्र में लगाया गया शिविर

# सुशासन तिहार : नगर निगम के शिविर में पहले ही दिन पहुंची भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में सुशासन तिहार तहत 1 मई से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को पहले ही दिन नगर निगम के सकरी क्षेत्र में शिविर लगाया गया था, जिसमें लोगों की भीड़ पहुंची और पहले ही दिन शिकवा, शिकायतों से संबंधित लोगों ने 163 आवेदन दिए।

- शिकवा, शिकायत संबंधी लोगों ने दिए 163 आवेदन

नगर निगम के जोन क्रमांक एक अंतर्गत वार्ड नंबर एक व दो के नागरिकों के लिए सकरी के मिनीमाता सांस्कृतिक भवन में सुशासन तिहार तहत शिविर लगाया गया था। शिविर का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविर में पहुंचे लोगों से बातचीत की। सकरी में आयोजित शिविर में आज 163 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 21 आवेदन अलग-अलग शिकायतों से संबंधित है और 142 आवेदन विभिन्न मांगों को लेकर है। यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा।



सकरी के मिनीमाता सांस्कृतिक भवन में लगाया गया सुशासन तिहार के तहत शिविर।

### तखतपुर विधायक शामिल हुए शिविर में

नगर निगम के सकरी क्षेत्र में आयोजित शिविर में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में जनहित के कार्य और जन-जन का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में संवर रहा है। जनता के हित समस्या और समाधान के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिलें और समस्याओं का समाधान हो इसके लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### 15 लाख की ठगी, 1 साल बाद आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोगों के गाढ़ी कमाई को कंपनी में इन्वेंट कराकर दोगुना करने का झांसा देने व 15 लाख रूपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।



जहां एक साल पहले प्रार्थी फेकुराम चतुर्वेदी पिता स्व. रंगी लाल चतुर्वेदी बेलगहना कोटा निवासी ने रीगल भवन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर पंकज के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। प्रार्थी ने बताया था कि कंपनी में रूपए लगाकर दोगुना करने का झांसा देकर लोगों को एजेंट बनाया गया और बड़ी राशि निवेश कराई गई। आरोपी द्वारा करबला रोड स्थित कार्यालय में रूपए जमा किया जाता था। इस दौरान गांव के कई लोगों से लगभग 15 लाख रुपये जमा कराई गई, जिसके बाद आरोपी कार्यालय बंद कर फरार हो गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 159/2025 में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर रीवा मध्यप्रदेश के टिकिया गांव में दबिश देकर आरोपी पंकज कुमार वर्मा स्व रामानंद वर्मा उम्र 39 को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# ननि ने निर्माणाधीन शादी भवन को किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की भवन शाखा, अतिक्रमण शाखा की टीम ने शुक्रवार को जरहाभाठा मंदिर चौक के पास निर्माणाधीन विवाह भवन पर कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है और भवन को सील कर दिया है।

- सड़क की जमीन दबाने को लेकर हुई थी शिकायत

जरहाभाठा मंदिर चौक के पास पहले अवैध निर्माण कराया जा रहा था, जिसे निगम की टीम द्वारा पूर्व में तोड़ा गया था। इसके बाद फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। यह मुद्दा पिछले सामान्य सभा में भाजपा के एक पार्षद ने उठाया था और कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। मोहल्लेवासियों द्वारा भी नगर निगम में अवैध निर्माण एवं सड़क की जमीन को विवाह भवन में दबाने से सड़क संकरी होने की बात कही गई थी। नगर निगम की ओर से इस मामले में विवाह भवन मालिक को नोटिस जारी किया गया था। आज निगम के भवन, अतिक्रमण शाखा की टीम मौके पर कार्रवाई के लिए पहुंची, जहां जांच में पाया गया कि स्मार्ट सिटी तहत बनाए गए बस स्टापेज को तोड़ दिया गया है और नियमों को ताक पर रखकर विद्युत खंभा और ट्रांसफार्मर को कब्जा कर विवाह भवन के भीतर ले लिया गया है। इसके बाद निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए वहां पर काम पर रोक लगा दी और विवाह भवन को सील कर दिया है।

### की गई है कार्रवाई

शहर के जरहाभाठा चौक के पास एक नए विवाह भवन पर कार्रवाई की गई है। वहां ट्रांसफार्मर और बिजली खंभा को भवन के भीतर कब्जा में ले लिया गया है और बस स्टापेज को भी तोड़ दिया गया है। शिकायत मिली थी इसलिए विवाह भवन को सील करने की कार्रवाई की गई है।

**-जुगल सिंह,** उप अभियंता, नगर निगम

# बछड़े का सिर काटकर नहर के पास डाला, इलाके में सनसनी

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र के गांव ठरकपुर में गुरुवार की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब सोंठी कैमाडीह मोड़ नहर के पास एक बछड़े का सिर नहर से गुजरते हुए ग्रामीणों ने देखा। घटना की जानकारी लगते ही गांव में आक्रोश का माहौल बन गया और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्रामीण पहुंच गए। पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है।

घटना गुरूवार रात की है, जब ग्रामीणों ने नहर किनारे बछड़े का कटा सिर देखा, लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेश मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पहले भीड़ को हटाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी है। इस बीच घटना की खबर मिलते ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने इस घटना पर कड़ा आक्रोश जताया और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के बछड़े के साथ क्रूरता नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया गया है। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि शव के हिस्से को पीएम के लिए भेज दिया गया है, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी जानवरी ने बछड़े को आहत किया है लेकिन जांच जारी है, इसके बाद ही स्थिति साफ होगी।



### मां की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**बिलासपुर।** चरित्र शंका में अपनी ही मां पर कपड़ा धोने के कुटेला से पीट-पीट कर हत्या करना और बीच बचाव में आए लोगों पर जानलेवा हमला करने के मामले में एडीजे कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के अनुसार सक्तीबहरा कोटा निवासी सुमन बाई पति गेंदलाल उम्र50 वर्ष की 13 नवंबर 2023 को उसके ही बेटे शनि कोल ने कुटेला से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी थी। इस दौरान सामने आया कि बेटा शनि कोल आए दिन अपनी मां से चरित्र शंका को लेकर विवाद करता था। इस दौरान घर में सोए महिला की भाई सुभाष कोल पिता सलिल राम कोल को बीच बचाव में गंभीर चोट आई थी। करीब 3 साल तक चले अदालती मामले में कोर्ट ने हत्या करने और हत्या का प्रयास करने का मामला पाया और आरोपी शनि कोल को 11वें एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। शासन की ओर से केस में अपर लोक अभियोजक विजेन्द्र कुमार तिवारी ने पैरवी की थी।



# इंजीनियरिंग कालेज के ट्रांसफार्मर में चोरी, प्रोफेसर ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** लालखदान इलाके के चौकसे इंजीनियरिंग कालेज में रखे गए ट्रांसफार्मर के ऑयल और कॉपर क्वाईल को चोरों ने निशाना बनाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सहायक प्राध्यापक और विद्युत इंचार्ज ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार विकास चंद्रा पिता विनोद कुमार लाल चंद्रा चौकसे इंजीनियरिंग कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। वे कालेज में विद्युत इंचार्ज भी है। 25 अप्रैल को उन्होंने परिसर में रखे अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि ट्रांसफार्मर के आयल और कॉपर क्वाइल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही कालेज परिसर में लगे सीसीटीवी की जांच की गई, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा घटना कारित करना पाया गया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी जेल दाखिल

**बिलासपुर।** लड़की से जान-पहचान शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है, जहां गुरूवार को पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि आरोपी रोशन कुमार उर्फ नानू लहरे ने पीड़िता से जान पहचान बना शादी का झांसा पिछले 9 माह से लगातार शारीरिक संबंध बना रहा है, लेकिन अब शादी करने से इनकार कर चुका है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई और महज 24 घंटे के भीतर आरोपी रोशन कुमार उर्फ नानू लहरे पिता भोला लहरे उम्र 20 वर्ष निवासी सम्बलपुरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 मई तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 तक के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र 1 से 31 मई तक निर्धारित कार्यालयीन समय में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग तृतीय तल बिलासपुर में जमा किए जा सकेंगे।




केंद्र सरकार ने लागू किया साथी पोर्टल

# प्रमाणित बीज चाहिए तो लेना होगा 'साथी' का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद के लिए ई-उर्वरक एप प्रारंभ करने की प्रक्रिया अभी चल ही रही है और भारत सरकार ने सहकारी समितियों से प्रमाणित बीज लेने के लिए प्रदेश में एक और पोर्टल लांच कर दिया है।

- इसी पोर्टल से मिल सकेगा प्रमाणित बीज

किसानों को प्रमाणित बीज के लिए अब केंद्र सरकार द्वारा लांच 'साथी' नामक पोर्टल का सहारा लेना होगा। पोर्टल में किसानों से चाही गई सारी जानकारी भरने के बाद किसान अपने खेत के लिए प्रमाणित बीज प्राप्त कर सकेंगे। सहकारी समितियों से अपने खेतों के लिए प्रमाणित बीज लेने वाले किसानों को जल्द ही प्रमाणित बीज भी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए साथी नामक पोर्टल लांच किया गया है। साथी पोर्टल का मुख्य उद्देश्य बीज उत्पादन की निगरानी करना, गुणवत्ता प्रमाणीकरण सुनिश्चित करना और वितरण का प्रबंधन पूरी सावधानी से करना है। इसके अलावा बीजों की उत्पत्ति से लेकर किसानों तक पीढ़ियों तक पूर्ण पता लगाने की क्षमता प्रदान करना है। इसी तरह पोर्टल लांच करने का प्रमुख उद्देश्य प्रमाणीकरण का पता लगाने की क्षमता और समग्र सूचीकरण के माध्यम से एक अनुकूल डिजिटल वातावरण बनाने का प्रयास है। यह पोर्टल राष्ट्रीय बीज ग्रिड के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होगा।

### साथी पोर्टल से क्या लाभ होगा?

साथी पोर्टल बीज प्रमाणीकरण, लाइसेंसिंग और इन्वेंट्री प्रबंधन को स्वचलित करता है, जिससे मिलावटी बीजों की बिक्री रूकती है। परिणामस्वरूप किसानों को उच्च कोटि के प्रमाणित बीज उपलब्ध होंगे, जिससे फसल की उपज में बढ़ातरी हो सकेगी। हर बीज के पैकेट में क्यूआर कोड अंकित होगा, जिससे नकली बीज की कोई संभावना नहीं होगी। इसके अलावा किसान क्यूआर कोड स्कैन कर बीज से संबंधित सारी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथी पोर्टल के द्वारा बीज की आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता आएगी।

### नया पोर्टल लांच किया गया है

सहकारी समितियों के माध्यम से प्रमाणित बीज के वितरण के लिए साथी नामक एक पोर्टल लांच किया जा रहा है। इसके लिए विधिवत प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जा चुका है।

**-प्रभात मिश्रा,** सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित




हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

## खबर संक्षेप

### रागिनी ने 85.4 प्रतिशत अंक अर्जित किया



**तखतपुर।** नवजागृति उच्चतर माध्यिमक शाला में अध्यनरत छात्रा रागिनी यादव ने 85.4 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। रागिनी यादव राजेंद्र यादव एवं सरिता यादव की सुपुत्री हैं। रागिनी को सभी विषयों में डिस्टेंसन मिला है।

### वानी ने क्षेत्र को किया गौरवान्वित



**तखतपुर।** तखतपुर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय की छात्रा वानी साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है। अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वानी ने शानदार सफलता हासिल की। वानी साहू बेलपान रोड निवासी हेमंत कुमार साहू एवं अनामिका साहू की सुपुत्री हैं। वानी की इस सफलता पर परिवार, परिजन, शिक्षक एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

### मानसून ने बढ़ाया स्कूल व गांव का मान



**रतनपुर।** पोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल पोड़ी की छात्रा मानसून रजक ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का नाम गौरवान्वित किया है। मानसून रजक, एडवोकेट नाथूराम रजक की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है।

### इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल के सभी बच्चे उत्तीर्ण



**तखतपुर।** इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। रिजल्ट वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक दिलीप तोलानी पार्षद कैलाश देवांगन, सुनील जांगड़े एवं अंजू सुरेश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर आकांक्षा स्वर्णम, रोशनी कसेर, रीना ठाकुर, संतोषी देवांगन, सना बानो, अलका राय, शशि थवाईत, रीता शिवहरे, नसरीन बानो, संध्या देवांगन, श्रेया स्वर्णम, प्राची ठाकुर एवं हेमा देवांगन सहित शाला परिवार के शिक्षक एवं पालक उपस्थित रहे।

### नपा स्कूल में 9वीं, 11वीं का परीक्षा परिणाम जारी



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका मे 30 अप्रैल को कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वी में प्रथम आने वाले वाले छात्र को उनके परिवार को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई। जिसमें 12वीं मे हर्ष पांडेय पिता विजय पाण्डेय 82.8 प्रतिशत, कक्षा 10वीं में शुभम बंजारा पिता छोटू बंजरा ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय में 12वीं का परिणाम 89.6 प्रतिशत एवं 10वीं का 94.6 प्रतिशत रहा। इस दौरान प्राचार्य विजय सोनी, केएल देवागन, राधेश्याम राय, बलदेव ध्रुव, प्रकाश नेताम, मनोज राठौर, लता ठाकुर, पैकरा मेम, प्रीति परिहार, रत्ना सोनवानी, पुनीता मिश्रा, इन्द्राणी यादव सभी व्याख्याता उपस्थित रहे।

### 98.83 के साथ नंदिता ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर की मेधावी छात्र नंदिता देवांगन ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 593 अंक 98.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। नंदिता की इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है और जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। नंदिता देवांगन राजकुमार देवांगन की सुपुत्री हैं, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने नंदिता की इस उत्कृष्ट सफलता पर कहा कि, नंदिता की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, कोटू दादवानी एवं पारिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### सौ फीसदी रहा सशिमं बड़ा बाजार का परीक्षा परिणाम



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विभाग बड़ा बजार का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा 30 अप्रैल को हुआ। कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान पर बहन रिंकी सिंह एवं पूनम सोनकर, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान पर भैया सौरभ देवांगन, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान पर बहन आराध्या यादव एवं भैया तामेश साहू, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान पर बहन हर्षिता श्रीवास एवं आशी केशरवानी, कक्षा उदय में प्रथम स्थान पर बहन दर्शिका डहरिया एवं डॉली सोनकर, कक्षा अरुण में प्रथम स्थान पर बहन शताब्दी पटेल, कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान पर भैया मयंक सोनकर का रहा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पार्षद रोशन सोनी एवं अभिभावक विद्यालय सह सचिव अभय चोपड़ा, पार्षद एवं अभिभावक संगीता साहू एवं समस्त अभिभावक उपस्थित रहे। मंच संचालन परीक्षा खंड दीपाली श्रीवास्तव ने व आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सतीश कुमार बघेल ने किया।

## मजदूर दिवस पर श्रमिक महिला-पुरुषों का सम्मान

# देश की प्रगति श्रमिकों के बिना संभव नहीं: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिक महिला-पुरुषों का श्रीफल एवं गमछे से सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि, श्रमिक समाज की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम से ही विकास की मजबूत नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि, किसी भी देश की प्रगति श्रमिकों के बिना संभव नहीं है। श्रमिकों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। श्री साव ने प्रदीप अग्रवाल राइस मिल में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

प्रदेश में भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत श्रमिकों को 10 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि, मोदी सरकार ने नए श्रम कानून लागू कर श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया। कार्यस्थल और परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। सरकार की योजनाओं का लाभ पंजीकृत श्रमिकों को मिल रहा है और अपंजीकृत श्रमिकों को भी जोड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, सरकार गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी योजना से मदद दी जा रही है। इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश श्रीवास, सहसंयोजक सुनील सोनी, संयोजक गोपाल डड़सेना, बनवारीलाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुकेश गुप्ता, तनमय अग्रवाल, आनंद श्रीवास, लक्ष्मी गुप्ता, सोहन डड़सेना, धनीराम ढीमर, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिपं सभापति अनिता साहू, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, रामेश्वर बंजारे, पार्षद विश्वास दुबे, डॉ उदय जायसवाल, संतोष साहू, विक्रम, राजकुमार, बंटी, अनिल सलूजा, दुष्यंत खत्री, रिंकू सलूजा, दिनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, संदीप सोनी, माधव तिवारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने देवराम, रामकुमार निषाद, मोती, रणजीत गोड़, ओमप्रकाश धुर्वे, ब्यास मरावी, योगेश जायसवाल, अमर यादव, मधु सेमरीया, सोमा बाई, पूर्णिमा बाई, नरेश यादव, सती बाई, अजय जायसवाल का सम्मान किया।



### मातृ-शिशु अस्पताल का किया निरीक्षण

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थित 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में जीवन दीप समिति की साधारण समिति की बैठक उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं गार्डन की हरियाली की सराहना की। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एजेंडावार चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके अलावा बरसात से पूर्व एटीआर क्षेत्र के गांवों में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, खुड़िया बांध के पार स्थित गांवों के लिए बोट एम्बुलेंस प्रस्ताव तैयार करने तथा अस्पताल की सुरक्षा के लिए रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और दो सुरक्षा गार्ड रखने की स्वीकृति दी गई। उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल से अनावश्यक रिफरल केस को कम करने पर भी जोर देते हुए मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### शिविर में कराई स्वास्थ्य जांच



मेडिकल टीम की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डिप्टी सीएम अरुण साव ने शामिल होकर स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में 73 लोगों की बीपी व शुगर की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। साथ ही शिविर में शामिल होने वालों को सही खानपान एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जानकारी दी गई।

### बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स से मिले

इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी में 10वीं बोर्ड टॉपर अंशुल शर्मा एवं 12वीं की मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त करने वाले चैतुराम साहू के घर पहुंचकर उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने कहा कि, मेरिट में स्थान बनाकर प्रदेश में लोरमी का मान बढ़ाया है। दोनों अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख की घोषणा

उप मुख्यमंत्री अरुण साव शुक्रवार को लोरमी के मानस मंच में आयोजित प्रदेश स्तरीय शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता एवं संचालक संघ के सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मलेन में उन्होंने संघ को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी व प्रभावी बनाने का श्रेय दिया। साथ ही उनके 6 मांगों पर गंभीरता से चर्चा का आश्वासन दिया और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के 10 मई को मुंगेली आगमन हेतु आमंत्रित करने के लिए विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान साहू समाज, ठाकुर समाज एवं सतनामी समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

■ 10 मई को मुंगेली आगमन के लिए किया आमंत्रित



प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 10 मई के कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रण एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए मुंगेली आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ठाकुर समाज के अध्यक्ष वल्लभ सिंह, लोकनाथ सिंह, प्रदीप सिंह, धनराज सिंह, मानस बैस, राणा प्रताप सिंह, शिवकुमार बंजारा, लेखू साहू, लालाराम साहू, राकेश साहू सहित समाज के अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अनेक विकास कार्यों के लोकार्पण, उद्घाटन एवं शिलान्यास के कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि, 10 जून को सुशासन तिहार का समापन भी है, ऐसे में मुख्यमंत्री जिले से ही सुशासन तिहार का समापन करेंगे। संगठन एवं प्रशासन मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुट चुका है। भेंट के दौरान क्षेत्रीय विकास, सामाजिक समरसता एवं आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। यह जानकारी जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने दी।

## सुशासन तिहार: सेमरदर्री में जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

सुशासन तिहार के अंतर्गत मरवाही जनपद के अंतिम छोर के कलस्टर ग्राम पंचायत सेमरदर्री में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उपस्थित होकर विभिन्न मांगो, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए और विभागीय स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

■ 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने रखी मांग व शिकायतें

शिविर में विधायक प्रणव कुमार मरपची एवं कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए। जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जनकल्याकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और आमजनों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह तथा जिला पंचायत सदस्य बूंदकुंवर मास्को ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि, राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।




## बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान

**पेंड्रा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री परिवार की युवा शाखा दिया डिवाइन ग्रुप ने वातावरण का परिशोधन, आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रसार तथा विश्व कल्याण की कामना के उद्देश्य से 'गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ' अभियान आयोजित किया। वार्ड क्रमांक 2 में भी यह कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया गया। गायत्री परिवार युवा संगठन 'दिया' के प्रांत सहसंयोजक ओम प्रकाश बलभद्र ने बताया कि, जिले भर में 500 से अधिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु इस अभियान में शामिल हुए और विश्व कल्याण की भावना से आहुतियां दीं। इस अभियान के अंतर्गत पेंड्रा, गौरेला एवं मरवाही तीनों ब्लॉकों में व्यापक रूप से यज्ञ आयोजित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रमुख रूप से मरवाही गायत्री मंदिर के मुख्य ट्रस्टी सुमन यादव, पेंड्रा से ओम प्रकाश बलभद्र, मथुरा सोनी, गंगा केसरी, ज्योति बलभद्र, आनंद कुमार साहू, चंद्रिका वर्मा, प्रज्ञा वर्मा, ब्लॉक समन्वयक गोलवती उईके, नेमसाय राठौर, वसुंधरा वर्मा, सुनीता बलभद्र, आरती निर्मलकर, किरण जायसवाल, सरिता राठौर, निशा वर्मा, रामदुलारे राठौर, आरती सोनी, रमेश नेताम, पूजा उईके, आशा नागवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



## ज्ञान भारतम अभियान के तहत जिले में सर्वेक्षण गोपचन्द्र के पास मिलीं दो महत्वपूर्ण पांडुलिपियां

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की समृद्ध ज्ञान-विज्ञान परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से 'ज्ञान भारतम' एप के माध्यम से पांडुलिपियों के सर्वेक्षण का व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मुंगेली जिले में भी गांव–गांव स्तर पर प्राचीन पांडुलिपियों की खोज और संरक्षण का कार्य तेज गति से जारी है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तथा डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मायानंद चन्द्रा के नेतृत्व में मास्टर ट्रेनर्स लेखराम साहू एवं तीरथ प्रसाद बड़गइयां द्वारा जिले के विभिन्न गांवों में पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के दौरान ग्राम देवरी में गोपचन्द्र शेंड्रे के पास उनके पिता स्वर्गीय भगऊ शेंड्रे द्वारा हस्तलिखित दो महत्वपूर्ण पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। इनमें से एक पांडुलिपि लगभग 376 पृष्ठों की है, जबकि दूसरी में 62 पृष्ठ हैं। इन ग्रंथों में बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों जीव की उत्पत्ति, सृष्टि एवं आयुर्वेद जैसे विषयों का उल्लेख पाया गया है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है। इसी प्रकार विकासखंड लोरमी के ग्राम खैरवार में द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी के यहां भी लगभग 200 वर्ष पुरानी पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। ये पांडुलिपियां देवनागरी लिपि में हैं, जिनकी भाषा संस्कृत और हिंदी का मिश्रण प्रतीत होती है। इस प्रकार की दुर्लभ पांडुलिपियों का मिलना जिले के लिए गौरव का विषय है। जिले में पांडुलिपियों के सर्वे का कार्य लगातार जारी है और आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण धरोहर मिलने की संभावना जताई जा रही है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों में सुरक्षित पुरखों की धरोहरों को 'ज्ञान भारतम' एप के माध्यम से पंजीकृत कर संरक्षित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस अमूल्य विरासत से लाभान्वित हो सकें।

## सुशासन तिहार के तहत लगा शिविर मौके पर मिले 180 आवेदन

**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उमा विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।

इस अवसर पर कोटा एसडीएम प्रवेश पैकरा, रतनपुर तहसीलदार सोनू अग्रवाल, नगर पालिका सीएमओ सुख सागर खुंटे, अध्यक्ष लवकुश सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान कुल 180 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से आवास, पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन शामिल रहे। संबंधित विभागों द्वारा आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। शिविर में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सका।




## श्रमिकों के संघर्ष और योगदान को किया गया याद

# हमेशा विकास की धुरी रहा है श्रमिक वर्ग: गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई के अवसर पर पूरे देश और प्रदेश की तरह जिले में भी श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रमिकों के संघर्ष और उनके योगदान को याद किया गया। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष आनंद सोनी के नेतृत्व में नगर के गोल बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूरों ने सहभागिता निभाई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज व राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करना था। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि, मजदूर देश की आर्थिक रीढ़ हैं, और उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, गांधी वार्ड के पार्षद विनय चोपड़ा, नीरज यादव, नौशाद खान, काकू खान सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। श्रमिकों के प्रति अपना आत्मीय सम्मान व्यक्त करने के लिए जिला अध्यक्ष आनंद सोनी ने अपने निवास स्थान पर 'बोरे बासी' दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन 'बोरे बासी' का सेवन किया। इस पहल पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बोरे बासी न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह हमारे मेहनतकश श्रमिकों का मुख्य और पौष्टिक आहार भी है। बोरे बासी दिवस मनाकर हम उन लाखों मजदूरों को नमन करते हैं, जो भीषण गर्मी में भी पसीना बहाकर देश की प्रगति में अपना योगदान देते हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि, मजदूर वर्ग हमेशा से विकास की धुरी रहा है। हमें उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर काम करना होगा। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि, मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि, समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। पार्षद गांधी वार्ड विनय चोपड़ा ने कहा कि, श्रमिकों का योगदान अमूल्य है। हमें उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।




## मानस मंडली ने कराया भगवान श्रीराम की कथा का रसपान



**तखतपुर।** रानीगांव में आयोजित अखंड नवधा रामायण में पहुंची मानस मंडली ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र जी की कथा का रसपान कराते हुए बताया कि, सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करने पर मुक्ति की प्राप्ति होती है। हम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी की इस मानस मंच पर भगवान की अनुपम रूपी गाथा को गाकर भजन कीर्तन कर अपने जीवन का कृतार्थ करते हैं। इस अखंड नवधा रामायण में राघवेंद्र गहवाई, रामावतार गहवई, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन, रेवाराम गहवई, वेद प्रसाद, इंद्रमणि देवांगन, विष्णु गहवई, रामदुलारे धीवर, रमेश दास मानिकपुरी, राधेश्याम बैगा, दीपचंद गहवई, बहोरन साहू, सुरेश देवांगन, गोकुल मरावी, भोला देवांगन, दाउराम गहवई, ध्रुव गहवई, नमन गहवई, अमितेश ठाकुर, विक्रांत कोरी, नीलेश गहवई सहित अन्य उपस्थित रहे।